**अमृत वाणी**

सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

अयोध्या

वर्ष: 37 अंक 51

सोमवार 01 जून, 2026

तापमान — अधिकतम 34°C | न्यूनतम 26°C

मूल्य 2 रुपए पृष्ठ- 06 अयोध्या, लखनऊ, जौनपुर, पटना (बिहार) एवं ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मध्य प्रदेश) से प्रकाशित www.tarunmitra.in

## राजीव कृष्ण बने यूपी के परमानेंट डीजीपी

### सरकार ने जारी किया आदेश, रेणुका मिश्रा, पीयूष आनंद को पीछे छोड़ा

**लखनऊ, 31 मई।** यूपी को 4 साल के इंतजार के बाद परमानेंट डीजीपी (पुलिस महानिदेशक) मिल गया। मौजूदा कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण को ही परमानेंट डीजीपी बना दिया गया है। रविवार को यूपी सरकार की तरफ से एसीएस संजय प्रसाद ने इसका आदेश जारी किया।

शाम करीब साढ़े 6 बजे डीजीपी राजीव कृष्ण सीएम योगी से मिलने पहुंचे। इस दौरान दोनों के बीच कई मसलों पर चर्चा हुई। PSC की गाइडलाइन और सुप्रीम कोर्ट के नियमों के मुताबिक, राजीव कृष्ण कम से कम 2 साल तक यूपी के DGP रहेंगे। वह 1 जून, 2025 से कार्यवाहक डीजीपी की कमान संभाल रहे हैं।

दरअसल, यूपी सरकार ने परमानेंट DGP को लेकर संघ लोकसेवा आयोग (UPSC) को 19 IPS के नाम भेजे थे। इसे लेकर 26 मई को दिल्ली में आयोग की बैठक हुई थी। इसमें यूपी के मुख्य सचिव




एसपी गोयल और अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद भी शामिल हुए थे। बैठक में रेणुका मिश्रा, पीयूष आनंद और राजीव कृष्ण का नाम डीजीपी के पैनल के लिए फाइनल किए गए थे। इसके बाद आयोग ने तीनों के नाम यूपी सरकार को भेज दिए थे।

राजीव कृष्ण ने 1 जून, 2025 को कार्यवाहक डीजीपी का पदभार संभाला था। तस्वीर में वह प्रशांत कुमार से कार्यभार ग्रहण करते दिख रहे हैं। (फाइल फोटो)

राजीव कृष्ण 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। मूलरूप से नोएडा के रहने वाले राजीव कृष्ण का जन्म 26 जून, 1969 को हुआ था। वह ऐसे घराने से संबंध रखते हैं, जहां एक दो नहीं 6 से ज्यादा अफसर हैं। उनकी पत्नी IRS अफसर हैं। मौजूदा समय में नोएडा मे CBDT में डिप्टी सेक्रेटरी हैं।

## गाजियाबाद में छात्र की हत्या करने वाले असद का एनकाउंटर

**गाजियाबाद, 31 मई।** गाजियाबाद में 11वीं के छात्र सूर्या चौहान की हत्या का मुख्य आरोपी असद (19) एनकाउंटर में मारा गया। वह शहर छोड़कर भागने की फिराक में था। रविवार तड़के 4 बजे पुलिस ने घेरा तो उसने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में असद ढेर हो गया। पुलिस ने शनिवार को ही उस पर 50 हजार का इनाम घोषित किया था। मुठभेड़ शहर के वसुंधरा इलाके में हुई।बकरीद के दिन (28 मई) 17 साल के सूर्या की हत्या हुई थी। नाबालिग दोस्त के मुताबिक, असद ने फोन करके सूर्या को बुलाया। साथियों के साथ उसे घेर लिया और चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। मारने से पहले उसने सूर्या से पूछा था- क्या कभी बकरा हलाल होते देखा है? आओ, दिखाते हैं। इसका सीसीटीवी भी सामने आया था। वहीं, खोड़ा पुलिस ने 3 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। इनमें असद के पिता नवाब (45), फरहान (19) और आतिफ (19) शामिल हैं। पुलिस ने बताया, नवाब ने असद को सूर्या की हत्या के लिए उकसाया था। फरहान ने चाकू दिया था। एनकाउंटर पर सूर्या की मां ने कहा- असद की लाश की फोटो दिखाओ, तभी मानूंगी कि उसका एनकाउंटर हुआ है। बाकी आरोपियों का भी एनकाउंटर होना चाहिए।

## जनरल एन एस राजा सुब्रमणि ने संभाला नए सीडीएस का कार्यभार

**दिल्ली, 31 मई।** भारत सरकार की तरफ से देश के नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बनाए गए जनरल एन एस राजा सुब्रमणि ने आधिकारिक तौर पर अपना काम संभाल लिया है। वे पूर्व सीडीएस जनरल अनिल चौहान की जगह ले रहे हैं। इससे पहले वे राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में सैन्य सलाहकार के रूप में देश की सुरक्षा रणनीति में अहम भूमिका निभा रहे थे। अब नए सीडीएस के ऊपर तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाने और सेना को आधुनिक बनाने की बड़ी जिम्मेदारी होगी।

नया पदभार संभालते हुए जनरल सुब्रमणि ने कहा, मैं यह जिम्मेदारी मिलने पर बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। भारतीय सेना, नौसेना, वायुसेना और रक्षा मंत्रालय मिलकर देश की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। हम प्रधानमंत्री के विजन 'JAI' यानी जॉइंटनेस, आत्मनिर्भरता और इनोवेशन को लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा कि



सेना को आत्मनिर्भर बनाना हमारी सुरक्षा के लिए सबसे जरूरी है और हम स्वदेशी हथियारों को बढ़ावा देंगे।

14 दिसंबर 1985 को गढ़वाल राइफल्स की 8वीं बटालियन में शामिल होने वाले जनरल सुब्रमणि राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और भारतीय सैन्य अकादमी के छात्र रहे हैं। उन्होंने भारत के साथ-साथ विदेशों में भी सैन्य शिक्षा हासिल की है। वे ब्रिटेन के जॉइंट सर्विसेज कमांड स्टाफ कॉलेज से पढ़े हैं। उनके पास किंग्स कॉलेज लंदन से एमए और मद्रास यूनिवर्सिटी से डिफेंस स्टडीज में एम.फिल की डिग्रियां हैं।

जनरल सुब्रमणि को भारत की सबसे संवेदनशील और मुश्किल सीमाओं पर सेना का नेतृत्व करने का बहुत लंबा अनुभव है। उन्होंने असम में उग्रवाद के खिलाफ चले ऑपरेशन राइनो में कमान संभाली थी। इसके अलावा उन्होंने जम्मू-कश्मीर में इन्फेंट्री ब्रिगेड और सेंट्रल सेक्टर में माउंटेन डिवीजन का नेतृत्व भी किया है। उनके करियर की बड़ी उपलब्धियों में पश्चिमी मोर्चे पर भारतीय सेना की मुख्य स्ट्राइक कोर %2 कोर% की कमान संभालना शामिल है। वे उप थल सेनाध्यक्ष भी रह चुके हैं।

फील्ड में सेना का नेतृत्व करने के साथ-साथ जनरल सुब्रमणि ने कई महत्वपूर्ण कूटनीतिक पदों पर भी काम किया है। वे कजाकिस्तान में भारत के डिफेंस अटाशे (सैन्य दूत) के रूप में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने रक्षा मंत्रालय के मिलिट्री इंटेलिजेंस के उप महानिदेशक के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं। उत्तरी कमान के चीफ ऑफ स्टाफ रहते हुए उन्होंने चीन और पाकिस्तान दोनों सीमाओं की चुनौतियों को बहुत करीब से देखा है।

देश के प्रति उनकी शानदार और समर्पित सेवा के लिए उन्हें राष्ट्रपति द्वारा कई बड़े सैन्य सम्मान दिए जा चुके हैं। इनमें परम विशिष्ट सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक, सेना पदक और विशिष्ट सेवा पदक शामिल हैं।

## टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर हमले में पांच गिरफ्तार

### ममता बोलीं- हेलमेट नहीं होता तो जान चली जाती, भाजपा नेताओं-अफसरों ने डिस्चार्ज का दबाव बनाया

**कोलकाता, 31 मई।** पश्चिम बंगाल में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारी वीडियो फुटेज के आधार पर रातभर चली छापेमारी के बाद हुई।

ममता बनर्जी ने हमले को साजिश बताते हुए कहा कि अगर अभिषेक ने हेलमेट नहीं पहना होता तो उनकी जान जा सकती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल में भर्ती अभिषेक को जल्द डिस्चार्ज कराने के लिए भाजपा नेताओं और पुलिस ने दबाव बनाया।

अभिषेक पर शनिवार को दक्षिण सोनारपुर में हमला हुआ था, जहां वे चुनाव बाद हिंसा के पीड़ित कार्यकर्ताओं से मिलने गए थे। अभिषेक बनर्जी को अस्पताल से घर ले जाया गया है। ममता ने कहा कि अब फैमिली डॉक्टर की देखरेख में उनका इलाज होगा।

हमले के बाद अभिषेक को पहले अपोलो अस्पताल ले जाया गया। ममता भी उनसे मिलने पहुंचीं थी। अपोलो में डॉक्टरों ने अभिषेक को घर पर आराम की सलाह दी। बाद में उन्हें बेले व्यू अस्पताल ले जाया गया। अभिषेक से मिलने के बाद ममता बनर्जी ने शनिवार रात प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

ममता ने आरोप लगाया है कि भाजपा नेताओं और दक्षिण कोलकाता के डीसीपी की ओर से डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन को धमकी भरे फोन आ रहे थे। अगर अभिषेक की हालत गंभीर नहीं थी तो उन्हें इंटेंसिव थैरेपी यूनिट (आईटीयू) में क्यों रखा गया? फिर अचानक उन्हें अस्पताल से छुट्टी क्यों दी गई? अब अभिषेक का इलाज घर पर ही होगा। उनके घर पर ऑक्सीजन सिलेंडर और अन्य मेडिकल उपकरण लगाए गए हैं।

## हमने भी भारतीय जमीन पर कब्जा किया, सिर्फ भारत ने हमारे इलाके नहीं कब्जाए : बालेन शाह

**काठमांडू, 31 मई।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने रविवार को कहा कि सिर्फ भारत ने ही नेपाली जमीन पर कब्जा नहीं किया, बल्कि नेपाल ने भी कुछ भारतीय इलाकों पर कब्जा किया है। बालेन पीएम बनने के 2 महीने बाद पहली बार नेपाली संसद को संबोधित कर रहे थे। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, इस दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्हें इस बारे में जानकारी मिली। दोनों देशों को मिलकर इस मामले की जांच करनी चाहिए। भारत-चीन के बीच लिपुलेख और लिम्पियाधुरा मार्ग से होने वाले व्यापार पर शाह ने कहा कि विवाद का समाधान कूटनीतिक बातचीत से निकाला जाएगा। नेपाल इस मुद्दे पर भारत को राजनयिक नोट भेज चुका है और भारत की ओर से जवाब भी मिल चुका है। शाह ने कहा कि लिपुलेख विवाद ब्रिटिश भारत के समय से जुड़ा है। इसलिए नेपाल ने इस मामले पर सिर्फ भारत और चीन ही नहीं, बल्कि ब्रिटेन से भी बातचीत की है।

## दिल्ली-यूपी समेत 19 राज्यों में आंधी-बारिश की चेतावनी

**दिल्ली, 31 मई।** देश में मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मई के आखिरी हफ्ते में मौसम का जो बदला हुआ मिजाज देखने को मिला है, वह जून की शुरुआत में भी जारी रहेगा। मौसम विभाग ने 1 जून को दिल्ली, यूपी और बिहार समेत देश के 19 राज्यों में आंधी और भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान लोगों से बेहद सावधान रहने की अपील की गई है।

आईएमडी के मुताबिक, बारिश के साथ-साथ 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से भीषण आंधी चलने की आशंका है। मौसम विभाग ने किसानों और मछुआरों को बेवजह नदी किनारे न जाने की सलाह दी है, क्योंकि तेज आंधी की वजह से उत्तर भारत के कई जिलों में पेड़-पौधे उखड़ सकते हैं। इसके साथ ही कई राज्यों में ओले गिरने की भी चेतावनी दी गई है। पहाड़ी इलाकों की यात्रा करने वाले लोगों से भी मौसम का अपडेट देखकर ही निकलने को कहा गया है।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऊपर निचले और मध्य क्षोभमंडलीय स्तरों में एक चक्रवाती परिसंचरण (साइक्लोनिक सर्कुलेशन) बनता नजर आ रहा है। इसके साथ ही पूर्वी मध्य और दक्षिणपूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर भी एक चक्रवाती सिस्टम बना हुआ है। इन्हीं मौसमी बदलावों के कारण देश के एक बड़े हिस्से में आंधी-पानी का यह प्रहार देखने को मिलेगा।

मौसम विभाग ने जिन 19 राज्यों के लिए मूसलाधार बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया है, उनमें उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु, केरल, असम, त्रिपुरा और नागालैंड शामिल हैं। इस दौरान पूर्वी राज्यों में बिजली और वज्रपात (आकाशीय बिजली) का भी कहर देखने को मिल सकता है।

राजधानी दिल्ली के लिए जारी पूर्वानुमान के मुताबिक, 1 जून को यहां भारी बारिश और आंधी की चेतावनी है। इस दौरान दिल्ली में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। वहीं, तापमान की बात करें तो कल दिल्ली में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना जताई गई है।

## यूपी में महंगी हुई बिजली, 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज बढ़ा

**लखनऊ, 31 मई।** यूपी में बिजली संकट के बीच अब उपभोक्ताओं को बढ़े बिल का झटका लगने वाला है। अगले महीने (जून) से बिजली महंगी होने जा रही है। यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (UPPCL) ने 10% फ्यूल एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (FPPAS) लगाने का आदेश जारी किया है।

सीधा मतलब है कि उपभोक्ताओं को 10 प्रतिशत ज्यादा बिल चुकाना होगा। अगर किसी का बिजली बिल 100 रुपए आता है, तो उसे 110 रुपए चुकाने होंगे। वहीं, उपभोक्ता परिषद ने इस पर नाराजगी जताई है। आदेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

बिजली विभाग के मुताबिक, बिजली बनाने और इसकी खरीद में आने वाली अतिरिक्त लागत की वजह से फ्यूल सरचार्ज लगाया गया है। जिससे इसकी भरपाई की जा सके। मिडिल ईस्ट संकट



के बीच फ्यूल की कीमतें आसमान छू रही हैं। पेट्रोल-डीजल समेत अन्य चीजें के दामों में बढ़ोतरी की गई है। इस बीच यूपी में अब बिजली के दाम भी बढ़ा दिए गए हैं।

दरअसल, FPPAS (फ्यूल एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज) का मतलब है कि जब बिजली उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले ईंधन या बिजली खरीदने की लागत बढ़ जाती है। तो उसकी भरपाई के लिए यह अतिरिक्त शुल्क उपभोक्ताओं के बिल में जोड़ा जाता है।

## राहुल ने सीबीएसई स्टूडेंट्स से बातचीत की

### स्टूडेंट्स बोले- केंद्र सरकार और CBSE से सवाल किए तो एंटी-नेशनल और आतंकी कहा गया

**नई दिल्ली, 31 मई।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने CBSE 12वीं क्लास के छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर छात्रों से बातचीत का वीडियो पोस्ट किया और ऑन-स्क्रीन मार्किंग (OSM) में गड़बड़ियों को लेकर केंद्र पर निशाना साधा।

वीडियो में राहुल ने छात्रों से उनकी परेशानी के बारे में पूछा। उन्होंने कहा- स्टूडेंट्स ने CBSE और मोदी सरकार से सिर्फ कुछ आसान सवाल पूछे थे, लेकिन जवाब के बजाय उनका अपमान किया गया। उन्हें एंटी-नेशनल, जासूस और आतंकवाद जैसे नाम दिए गए।

राहुल ने जिन छात्रों से बात की, उनमें वेदांत भी शामिल थे। वेदांत की एक पोस्ट वायरल हुई थी, जिसमें उसने कहा था कि री-इवैल्यूएशन के



दौरान पोर्टल पर जो स्कैन की गई कॉपी अपलोड की गईं, वे उनकी नहीं थीं। वेदांत के बाद कई अन्य छात्रों ने भी ऐसी शिकायतें कीं।

इससे पहले राहुल ने 30 मई को भी परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर सरकार से सवाल किए थे। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा- NEET, CBSE, SSC और CUET एक करोड़ बच्चे और 4 परीक्षाएं। एक भी ईमानदारी से नहीं हो पाई।

उन्होंने आगे कहा- सरकार विश्वगुरु बनने के दावे करती है, मगर देश में एक परीक्षा नहीं करवा सकती। पूरी शिक्षा व्यवस्था तबाह कर दी है। सरकार जिस पीढ़ी का भविष्य बर्बाद कर रही है, वही पीढ़ी हिसाब करेगी।

## पश्चिम बंगाल कैबिनेट में 35 नए मंत्री लेंगे शपथ

**कोलकाता, 31 मई।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में ऐतिहासिक जीत के बाद अब प्रशासनिक स्तर पर एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। राज्य में सोमवार को सुवेंदु अधिकारी सरकार का पहला बड़ा मंत्रिमंडल विस्तार होने जा रहा है। वर्तमान में मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के साथ कैबिनेट में कुल पांच मंत्री शामिल हैं। अब सोमवार को इस टीम में 35 नए मंत्रियों को शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने खुद इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि ये सभी 35 मंत्री सोमवार सुबह 11 बजे राज्य सचिवालय नबन्ना में पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे।

मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए इस बात की औपचारिक घोषणा की। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, कल, बंगाल की जनता के जनादेश से छनी गई राष्ट्रवादी सरकार की एक पूर्ण मंत्रिमंडल का गठन किया जाएगा। मंत्रिमंडल के विस्तार के उद्देश्य से, पश्चिम बंगाल सरकार के 35 मंत्री सुबह 11 बजे नबन्ना में शपथ ग्रहण करेंगे। महामहिम राज्यपाल आर. एन. रवि नबन्ना में उन्हें शपथ दिलाएंगे।

संवैधानिक नियमों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री को मिलाकर मंत्रियों की कुल संख्या अधिकतम 44 हो सकती है। सुवेंदु अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि इस विस्तार में 35 नए मंत्री शपथ लेने जा रहे हैं। चूंकि वर्तमान मंत्रिमंडल में पहले से ही 5 मंत्री दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, खुदीराम टुडू और निसिथ प्रमाणिक मौजूद हैं, इसलिए नए मंत्रियों के जुड़ने के बाद कुल मंत्रियों की संख्या बढ़कर 40 हो जाएगी। इससे पहले, कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित एक भव्य समारोह में राज्यपाल आर. एन. रवि ने सुवेंदु अधिकारी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई थी।गौरतलब है कि सुवेंदु अधिकारी ने 9 मई को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इस चुनाव में भाजपा ने 294 सदस्यीय विधानसभा में स्पष्ट बहुमत हासिल कर तृणमूल कांग्रेस के 15 वर्षों के शासन का अंत किया, जो राज्य की राजनीति में एक ऐतिहासिक बदलाव माना जा रहा है। अब इस मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए भाजपा सरकार प्रशासनिक स्तर पर अपनी टीम को और अधिक मजबूत और व्यापक बनाने जा रही है।

## इजराइल का लेबनान के 900 साल पुराने किले पर कब्जा

### सैनिकों ने पहाड़ी पर झंडा फहराया, 26 साल में सबसे बड़ी घुसपैठ

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी, 31 मई।** इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में 900 साल पुराने ब्यूफोर्ट किले और आसपास की पहाड़ियों पर कब्जा कर लिया है। इजराइली अधिकारियों की ओर से रविवार को जारी तस्वीरों और वीडियो में किले पर इजराइली झंडे लहराते दिखाई दिए।

इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि सेना ने आसपास के गांवों में कई दिनों तक चली भीषण लड़ाई और हवाई हमलों के बाद यह कामयाबी हासिल की है। अल जजीरा के मुताबिक पिछले 26 साल में इजराइल की लेबनान में सबसे बड़ी घुसपैठ है।ब्यूफोर्ट किला 1982 से 2000 तक दक्षिणी लेबनान पर इजराइली कब्जे के दौरान उसकी सेना का



एक प्रमुख सैन्य अड्डा था। 700 मीटर ऊंची पहाड़ी पर बने इस किले से दक्षिणी लेबनान के अलावा इजराइल के बड़े हिस्से पर नजर रखी जा सकती है। इसलिए इसका सैन्य महत्व बहुत ज्यादा माना जाता है। इजराइल और लेबनान के बीच 17 अप्रैल को सीजफायर का ऐलान हुआ था। इसके बावजूद इजराइल ने हमले जारी रखे हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक इजराइल किसी संभावित अमेरिका-ईरान समझौते से पहले हिजबुल्लाह को अधिकतम नुकसान पहुंचाना चाहता है।

## सांसद कल्याण बनर्जी ने भाजपा समर्थकों पर हमले का लगाया आरोप

### कहा-सिर पर पत्थर मारा, कहा- निरंकुश सीएम अपने विरोधियों को खत्म करना चाहता है

**हुगली, 31 मई।** सांसद कल्याण बनर्जी हुगली के चंडीतला पुलिस स्टेशन में ज्ञापन सौंपने गए थे। उनका दावा है कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने मारपीट की। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि पुलिस स्टेशन के बाहर भाजपा समर्थकों ने उन पर हमला किया और उन्हें घायल कर दिया।

बनर्जी हुगली में विधानसभा चुनावों के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ ज्ञापन सौंपने के लिए चंडीतला पुलिस स्टेशन गए थे, जहां भीड़ ने उन्हें घेर लिया।

इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो सामने आया, जिसमें कल्याण बनर्जी पहले पुलिस स्टेशन के बाहर नारे लगाते दिखे। बाद में वे सिर पकड़कर जमीन पर लेटते नजर आए।

कुछ देर बाद वे इस हमले के विरोध में थाने के बाहर ही बैठ गए। उन्हें अपने सिर के पिछले हिस्से पर कपड़ा रखे हुए देखा गया।

हालांकि, BJP ने कल्याण के आरोपों



का खंडन किया। कहा कि वे ड्रामा कर रहे हैं। उन्हें कोई चोट नहीं लगी। वे कल के अभिषेक बनर्जी के अंडे वाले विवाद से लोगों का ध्यान हटाना चाहते हैं।

सांसद कल्याण बनर्जी ने बताया, मैं चंडीतला पुलिस स्टेशन के इंचार्ज को ज्ञापन देने के लिए कार से जा रहा था। बाजार में ट्रैफिक जाम था। इसके चलते मैं अपने क्र्क्ह के साथ चंडीतला क्रॉसिंग पर पैदल जा रहा था। यह जगह पुलिस स्टेशन से 50 किलोमीटर दूर है। यहां भगवा कपड़े पहने 10-15 BJP के गुंडे थे, जिन्होंने अचानक नारे लगाने शुरू कर दिए।

वे मुझे गालियां दे रहे थे, लेकिन मैं आगे बढ़ रहा था, तभी मेरी तरफ पत्थर फेंका गया। मेरे कपड़ों पर खून लग गया। मैं सड़क पर गिर गया। मुझे एक CRPF जवान ने बचाया। बंगाल पुलिस यह सब मूकदर्शक बनी देखती रही और यह सब होने दिया। पश्चिम बंगाल में पूरी तरह से कानून-व्यवस्था खत्म हो चुकी है और हालात बहुत गंभीर हैं।

TMC ने कल्याण बनर्जी की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा- लोकतंत्र पर हमला हो रहा है, पूरी तरह से अराजकता है। इन गुंडों को पुलिस स्टेशन के बाहर इकट्ठा होने की इजाजत कैसे दी गई? पुलिस की मौजूदगी में पत्थरबाजी कैसे हो सकती है? चुनाव नतीजे घोषित हुए 26 दिन बीत चुके हैं, फिर भी चुनाव के बाद होने वाली हिंसा लगातार जारी है।

घर के बाहर घर जैसा आराम

होटल वैशाली



मेन मार्केट चौक, प्रभात टाकीज गली, फैजाबाद (बस स्टेशन-रेलवे स्टेशन से 2-50 कि.मी.)

एस. बी. आई. अपोलो म्यूनिक हेल्थ इंश्योरेंस के लिए संपर्क करें। मो.- 9919404087



कंचन चौरसिया
महिला जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार मण्डल व चौरसिया समाज

रमेश कुमार चौरसिया
जिलाध्यक्ष चौरसिया समाज
महामंत्री उद्योग व्यापार मण्डल, फैजाबाद

नोट- पीलिया, बवासीर, गोखरू, कुत्ता काटने इत्यादि की दवा के लिए संपर्क करें।
काकू भाई मो. 9235152444

निदान चिकित्सा केन्द्र
कालेज रोड, खिड़की अलीबेग (फैजाबाद) अयोध्या, मो0- 8577956003

डा. गुंजन यादव
( M.B.B.S.,D.G.O. )
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

डा. रोहित यादव
( M.B.B.S., M.D. )
बालरोग विशेषज्ञ, पीजीआई चण्डीगढ़

डा. राधेश्याम यादव
( M.B.B.S., D.T.C.D. ), पूर्व रेजीडेन्ट आफिसर मेडिसिन एवं नेफ्रोलोजी बत्रा अस्पताल नई दिल्ली
पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी ( C.M.O ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी ( D.T.O. ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व संयुक्त निदेशक ( J.D. ) आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ ( रजि. नं.- 29775 )

प्रबंधक:- हरगोविन्द यादव

# अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती पर कैबिनेट मंत्री ने किया स्मृति मंदिर एवं भव्य प्रतिमा का लोकार्पण



बहराइच/मिहींपुरवा। पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती पर शनिवार को रिसिया ब्लॉक परिसर ऐतिहासिक पल का साक्षी बना।बहराइच जिले के पहले स्मृति मंदिर एवं भव्य प्रतिमा का कैबिनेट मंत्री अजीत पाल ने लोकार्पण किया।भारत माता और लोकमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री अजीत पाल ने कहा कि लोकमाता ने न केवल पराक्रम दिखाया बल्कि धर्म और संस्कृति की रक्षा की।उन्होंने देशभर में नष्ट मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया, तीर्थ स्थलों पर धर्मशालाएं बनवाई।पाल समाज सहित हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया। उनका जीवन हमें सेवा और सुशासन की प्रेरणा देता है।मुख्य वक्ता एवं आरएसएस अवध प्रांत सामाजिक समरसता संयोजक राज किशोर

ने कहा कि लोकमाता ने उत्कृष्ट प्रशासन से इंदौर - महेश्वर को नई पहचान दी।गौ संरक्षण के लिए हर ग्राम सभा में चारागाह की व्यवस्था और विधवाओं को संपत्ति का अधिकार देना उनके दूरदर्शी निर्णय थे।यह मंदिर बहराइचवासियों के लिए गौरव का प्रतीक बताया गया।विशिष्ट अतिथि वैदेही बल्लभ शरण महाराज ने कहा कि लोकमाता ने सनातन संस्कृति और हिंदू समाज की स्थापना में अभूतपूर्व योगदान दिया।उनके कार्य आज भी प्रासंगिक हैं।कार्यक्रम संयोजक ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन सह जिला बौद्धिक प्रमुख अमित पांडेय ने किया।इस अवसर पर पुज्य महंत श्री विष्णु देवाचार्य, सांसद आनंद गोंड, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे, नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष/ एमएलसी पदमसेन चौधरी, पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी, पूर्व विधायक दिलीप वर्मा, विभाग कार्यवाह अम्बिका, विभाग सह संचालक कृष्णानंद, विभाग संपर्क प्रमुख धर्मेंद्र सिंह, विभाग बौद्धिक प्रमुख अशोक, एबीवीपी संगठन मंत्री अंकुल राठौर, सीमा जागरण मंच अवध प्रान्त के सह प्रांत प्रचार प्रमुख योगेन्द्र मौर्य, राष्ट्र सेविका समिति की विभाग कार्यवाहिका सुनीता सिंह, समरसता मंच की रंजीत राव वाल्मीकि, जिला सेवा प्रमुख रमेश,नानपारा जिला संघचालक बाबूलाल शर्मा, सह संघचालक सुरेश वर्मा,विवेक शुक्ल एडवोकेट, लव शुक्ल, अमित कुमार, दीपक शर्मा, नगर कार्यवाह शिवम, अभिषेक, उत्तम सिंह, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न



बहराइच। बहराइच के वन सरिता रिसॉर्ट में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया। इस शिविर में भाजपा के विधायकों, सांसद और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

समापन कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने कहा कि यह शिविर भाजपा की संगठनात्मक परंपरा का हिस्सा है। पार्टी संगठन के गठन के साथ ही कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण की व्यवस्था भी करती है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी चाहती है कि उसका कार्यकर्ता वैचारिक, सांगठनिक, तकनीकी और व्यवहारिक आधार पर सभी विषयों में पारंगत हो। भाजपा अपने कार्यकर्ताओं में निखार लाने और उनकी प्रतिभा को विकसित करने के लिए इस तरह के प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन करती है।

कार्यक्रम में शामिल वक्ताओं ने अगले साल होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों को लेकर भी कार्यकर्ताओं से अभी से तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। इसका उद्देश्य प्रदेश में एक बार फिर पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाना है।

## धूम-धाम से मनाई गयी अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती



कानपुर। कानपुर नगर के शिवराजपुर में राजमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भौनतपुर गांव के पास स्थित पाल ढाबा से एक भव्य कार और बाइक यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में क्षेत्र के युवाओं और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसका उद्देश्य राजमाता के आदर्शों, राजनीतिक निर्णयों, अनुशासन और समाजसेवा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था। यह यात्रा पाल ढाबा से शुरू होकर जीटी रोड शिवराजपुर, जेएस हॉस्पिटल, महादेव होटल और उत्तरी-पूरा तिराहे से होते हुए बिल्हौर स्थित शुभ गेस्ट हाउस तक पहुंची। रास्ते में कई स्थानों पर यात्रा का स्वागत किया गया, जहां प्रतिभागियों के लिए शरबत, नाश्ता और पानी की व्यवस्था की गई थी। अहिल्याबाई होलकर युवा मंडली के कार्यकर्ता देशराज पाल ने राजमाता के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई होलकर मालवा साम्राज्य की महान और न्यायप्रिय महारानी थीं, जिन्हें लोकमाता और पुण्यश्लोक के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपने शासनकाल में विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए उत्कृष्ट कार्य किए और समाज के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ा।

देशराज पाल ने बताया कि उनका विवाह मात्र 8 साल की उम्र में खंडेराव होलकर से हुआ था। 1754 के कुम्हेर युद्ध में पति के वीरगति प्राप्त करने के बाद उन्होंने शासन संभाला। उन्होंने अपनी राजधानी इंदौर से बदलकर नर्मदा तट पर बसे महेश्वर (महेशमती) में स्थापित की। उन्होंने अपने निजी कोष से देशभर में सैकड़ों मंदिरों, जल स्रोतों और घाटों का मरम्मत एवं पुनरुद्धार कार्य कराया। इसमें 1870 में मुगल शासक औरंगज़ेब द्वारा क्षतिग्रस्त किए गए काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनरुद्धार भी शामिल है। इस कार्यक्रम में बेहटा के ग्राम प्रधान देशराज पाल और भटपुरा शिवराजपुर के ग्राम प्रधान अजीत कुमार पाल ने सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन में नंदलाल पाल, एडवोकेट सतीश पाल, धर्मेंद्र पाल, हिमांशु पाल, सौरभ पाल, शत्रुघ्न पाल, नीलेश पाल और ऋषभ पाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय युवाओं और समाज के लोगों की सक्रिय सहभागिता रही। आयोजकों ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की एक महान समाजसेवी और कुशल शासक थीं, जिनके आदर्श आज भी समाज को प्रेरणा देते हैं।

## नशामुक्त उत्तर प्रदेश की दिशा में योगी सरकार का बड़ा अभियान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे प्रयासों को लगातार गति मिल रही है। योगी सरकार ने नशे के दुष्प्रभावों को रोकने के लिए जागरूकता को सबसे प्रभावी हथियार बनाते हुए व्यापक अभियान संचालित किया है। मद्यनिषेध विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान प्रदेश भर में युवाओं, छात्रों और आम नागरिकों के बीच नशा विरोधी कार्यक्रमों का व्यापक आयोजन किया गया, जिससे लाखों लोगों तक सकारात्मक संदेश पहुंचा।

योगी सरकार की प्राथमिकता केवल नशे की रोकथाम तक सीमित नहीं है, बल्कि नई पीढ़ी को इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराकर उन्हें स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में भी लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में निबंध, भाषण, पोस्टर, सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।मद्यनिषेध विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कुल 1352 प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। इनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 5404 छात्र-छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। क्योंकि युवाओं को सही दिशा में प्रेरित कर नशे के खिलाफ मजबूत सामाजिक वातावरण तैयार किया जा सकता है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेष अभियान चलाए गए, जहां खेलकूद प्रतियोगिताओं और जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। इन कार्यक्रमों को स्थानीय स्तर पर भी सराहना मिली।


योगी सरकार के निर्देश पर मद्यनिषेध विभाग ने राज्य स्तर से लेकर जनपद स्तर तक व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। वर्ष भर में 40 राज्य स्तरीय और 1727 जनपद स्तरीय संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। इनमें शिक्षकों, कर्मचारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, धर्माचार्यों और विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लेकर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इसके साथ ही प्रदेशभर में 356 प्रदर्शनियों की स्थापना कर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों और उसके सामाजिक नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। मेलों, त्योहारों, धार्मिक आयोजनों और राष्ट्रीय पर्वों पर विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों तक संदेश पहुंचाया गया। यूपी के जनसामान्य तक सरल और प्रभावी तरीके से संदेश पहुंचाने के लिए विभाग ने 829 सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराए। नुक्कड़ नाटक, कठपुतली शो, जादू, गीत, कव्वाली और अन्य सांस्कृतिक माध्यमों के जरिए लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

## नवविवाहिता सुसाइड के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार




गोंडा। कटरा बाजार के बनगांव सितकहवा गांव में दहेज प्रताड़ना से तंग आकर 18 वर्षीय नवविवाहिता नंदिनी की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार को पुलिस ने तीनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घटना शुक्रवार को शाम करीब 6 बजे की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मृतका का पति राजकुमार, सास कलावती और ससुर ननके शामिल हैं। कटरा पुलिस ने इन तीनों को सितकहवा गांव से पकड़ा। पुलिस के अनुसार, नंदिनी के पिता द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर यह कार्रवाई की गई। प्राथमिकी में दहेज की मांग, मारपीट और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया गया था। प्राथमिकी में बताया गया है कि शादी के मात्र छह महीने बाद से ही ससुराल वाले बाइक की मांग को लेकर नंदिनी को लगातार परेशान कर रहे थे। कटरा बाजार थाने के प्रभारी मनोज पाठक ने जानकारी दी कि सभी गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा।

## दहेज प्रताड़ना से मौत के मामले में पति-ससुर गिरफ्तार



गोंडा। गोंडा के खरगूपुर थाना क्षेत्र के डींगुर गांव में दहेज प्रताड़ना से परेशान होकर जरीना बेगम (26) की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उसके पति मोहम्मद हुसैन और ससुर इंसान अली को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को मेडिकल परीक्षण के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, जरीना की मौत के मामले में दर्ज मुकदमे की जांच के दौरान रविवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उनका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरगूपुर में मेडिकल कराया गया और फिर कोर्ट में पेश किया गया।

मृतका के पिता निजामुद्दीन ने खरगूपुर थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी बेटी को शादी के बाद से ही पति, सास, ससुर, देवर और ननद अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। कम दहेज लाने का ताना देकर उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान किया जाता था। उन्होंने आरोप लगाया कि 29 मई को सूचना मिली कि उनकी बेटी ने फांसी लगा ली है। मौके पर पहुंचने पर जरीना का शव फंदे से लटका मिला। उनका कहना है कि दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ना के चलते उसकी मौत हुई और ससुराल पक्ष के लोगों ने उसकी हत्या की है।

मामले में नामजद अन्य आरोपी सास शकीना, देवर नफीस और ननद तबस्सुम अभी फरार हैं। घटना के तीन दिन बाद भी पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। खरगूपुर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक सत्यनारायण यादव, हेड कांस्टेबल सुनील प्रसाद मौर्य, कांस्टेबल ऋषि यादव और कांस्टेबल पंकज कुमार प्रेमी की टीम ने गिरफ्तारी की कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि फरार आरोपियों की तलाश जारी है और उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पुलिस द्वारा मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति महिलाओं/बालिकाओं को किया जा रहा जागरूक



बहराइच। मिशन शक्ति अभियान के द्वितीय चरण के तहत मिशन शक्ति टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति जागरुक किया जा रहा है।पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के द्वितीय चरण के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति अभियान के द्वितीय चरण अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## विकास कार्यों की गुणवत्ता पर योगी सरकार सख्त

लखनऊ। औद्योगिक क्षेत्रों में विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर योगी सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने औद्योगिक क्षेत्रों में कराए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी जांच व्यवस्था को और मजबूत करने का निर्णय लिया है। यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने गाजियाबाद के सात प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान भारत सरकार के उपक्रम राइट्स लिमिटेड से विकास कार्यों का विस्तृत गुणवत्ता परीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्माण कार्यों के सैंपल और गुणवत्ता परीक्षण उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराए जाने का फैसला लिया गया है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कविनगर, स्वदेशी औद्योगिक क्षेत्र, बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र, साउथ साइड जीटी रोड, लोहामंडी, मेरठ रोड साइट-3 और साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्रों का निरीक्षण कर विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप औद्योगिक क्षेत्रों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके लिए थर्ड पार्टी ऑडिट व्यवस्था को और प्रभावी बनाने, लंबित विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने तथा आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण और उद्यमियों के साथ हुई बैठक के दौरान ट्रक पार्किंग, पार्कों के विकास, टेस्ट लैब, स्किल डेवलपमेंट सेंटर और एक्सपो सेंटर जैसी सुविधाओं के विस्तार पर भी चर्चा हुई। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता नीति दोहराते हुए कहा कि किसी भी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा उद्यमियों से अनुचित मांग या उत्पीड़न की शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उद्यमियों को भरोसा दिलाया कि प्रदेश में निवेश और उद्योगों के लिए पारदर्शी, जवाबदेह और उद्योग-अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना यूपीसीडा और योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

प्रदेश में रिकॉर्ड निवेश प्रस्तावों और तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक बुनियादी ढांचे के बीच योगी सरकार गुणवत्ता नियंत्रण और जवाबदेही पर भी विशेष जोर दे रही है। सरकार का मानना है कि निवेश आकर्षित करने के लिए केवल नई परियोजनाओं की घोषणा पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके क्रियान्वयन की गुणवत्ता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। यही वजह है कि औद्योगिक क्षेत्रों में विकसित की जा रही सड़कों, नालियों, पार्किंग, कॉमन सुविधाओं और अन्य आधारभूत ढांचों की स्वतंत्र जांच की व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। यही नहीं, यूपी को ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के तहत सरकार औद्योगिक अवसंरचना को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में भी काम कर रही है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, निवेशक अनुकूल माहौल और पारदर्शी प्रशासन को बढ़ावा देने के लिए यूपीसीडा को भी अधिक जवाबदेह बनाया जा रहा है।

## फ्री में आइसक्रीम-गोलगप्पे खाने पर सिपाही निलंबित

कानपुर। कानपुर के घाटमपुर क्षेत्र में पीआरवी 9303 पर तैनात एक सिपाही को फ्री में आइसक्रीम और गोलगप्पे खाने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर शिकायत सामने आने के बाद हुई प्राथमिक जांच में सिपाही सुरेश कुमार प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया। मामले की विस्तृत जांच एसीपी घाटमपुर को सौंपी गई है। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष महेश वर्मा ने कुछ दिन पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शिकायत करते हुए पीआरवी 9303 में तैनात पुलिसकर्मियों पर दुकानदारों से फ्री में आइसक्रीम और गोलगप्पे लेने का आरोप लगाया था। शिकायत वायरल होने के बाद पुलिस अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया और प्रारंभिक जांच कराई। जांच में संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। इसके बाद पुलिस उपायुक्त मुख्यालय ने तत्काल प्रभाव से सिपाही को निलंबित कर दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की गहन विभागीय जांच अब घाटमपुर के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) को सौंपी गई है। जांच के दौरान संबंधित पक्षों के बयान दर्ज किए जाएंगे और उपलब्ध साक्ष्यों की पड़ताल की जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की विभागीय कार्रवाई की जाएगी। पुलिस विभाग का कहना है कि पुलिस की छवि को प्रभावित करने वाले मामलों में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जांच निष्पक्ष तरीके से कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। सहायक पुलिस आयुक्त कलक्टरगंज/डायल-112 आनंद कुमार ओझा ने बताया कि मामला सोशल मीडिया के माध्यम से संज्ञान में आया था। प्राथमिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर सिपाही सुरेश कुमार को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि विभागीय जांच जारी है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ग्राहकों की सुरक्षा के दृष्टिगत हो रहा गैस पाइप का वितरण:राजपाल सिंह




बहराइच। इन दोनों गैस एजेंसियों की ओर से ग्राहकों को उपलब्ध करवाई जा रही गैस पाइप को लेकर तरह-तरह की अफवाहें सुनने को मिल रही है उक्त।वितरण प्रणाली को कोई ग्राहक सही बता रहा है तो कोई गलत,लोगों में तरह-तरह का असमंजस देखने को मिल रहा है। लेकिन जब मामले की पुष्टि के लिए बालार्क गैस सर्विस के मालिक राजन सिंह से बात की गई तो उन्होंने ग्राहकों की सुविधा के दृष्टिगत गैस पाइपलाइन वितरण को एक सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि पाइप को लेना किसी की बाध्यता नहीं है, गैस पाइप के साथ एक फॉर्मेट भी भेजा जा रहा है जिन ग्राहकों को पाइप न लेना हो वह भेजे गए फॉर्मेट पर साइन कर सकते हैं। और जो ग्राहक गैस पाइप ले रहे हैं उन सभी को एजेंसी की तरफ से रसीद भी दी जा रही है जिसे जनरेट कर मैसेज भी उपलब्ध करवाया जा रहा है।लेकिन जब सिंह से पाइप लेने और न लेने के फायदे और नुकसान के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि इससे घटित घटनाओं की क्षतिपूर्ति में ग्राहकों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ता ग्राहक पूर्णतया इंशोर्ड हो जाते हैं।क्योंकि जब भी घरों में कोई दुर्घटना या घटना घटती है तो उसकी जिम्मेदारी कंपनी ही लेती है सिंह ने बताया कि पिछले कुछ अर्से से घटित इंसीडेंटों से बीमा कंपनियां ने भी क्षतिपूर्ति को लेकर हाथ खड़े करने शुरू कर दिए और एजेंसियो पर भी आरोप लगा रहे हैं कि आप लोगों के द्वारा ग्राहकों को जो गैस उपलब्ध करवाए जा रहे हैं उसमें पाइपों या कुछ अन्य की चेकिंग समय-समय पर नहीं करवाए जा रहे हैं। और देखा जाए तो घटित घटनाओं में लगभग 80त्न घटनाओं के पीछे पाइप को ही करण बनते देख गया है। क्योंकि ज्यादातर घरों में ट्रांसपेरेंट वाली पाइप ही देखे जा रहे हैं।जो कि भयंकर गर्मी में ब्लास्ट का कारण बनते रहे हैं।और गैस वितरकों को भी कंपनियों द्वारा पर्चियों पर ही सबकुछ लिखकर भेजा जाने लगा और पुरानी पाइपों को बदलने के लिए भी कहा जाने लगा।श्री सिंह ने बताया कि हाकरों से भी बताया जा चुका है कि यदि पाइप कोई नहीं लेता है तो ऐसे ग्राहकों से किसी भी प्रकार का कोई वाद विवाद नहीं करना है और दिए गए फॉर्मेट पर ग्राहकों से हस्ताक्षर करवा लेना है।

संस्थापक सम्पादक-स्व.कैलाशनाथ
तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि.के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा,मुद्रक एवं सम्पादक-आदर्श कुमार
* स्थानीय सम्पादक-राजेन्द्र प्रसाद यादव
तरुणमित्र के लिए योगेन्द्र विश्वकर्मा इण्डियन एक्सप्रेस सी.-26 अमौसी इण्डिस्ट्रियल एरिया लखनऊ से मुद्रित एवं बड़ी देवकाली मंदिर के बगल बेनीगंज रोड, अयोध्या (उ.प्र.) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं.-55856/90
फोन नं.- 05278-363073
मो.नं. : 9451922445
ई-मेल- tarunmitra@rediffmail.com, tarunmitrafaizabad@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तर दायी एवं उत्पन्न समस्त विवाद फैजाबाद न्यायालय के अधीन ही होगें।

## पुलिस के हस्तक्षेप से एक परिवार साथ रहने को राजी



बहराइच। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस लाइन बहराइच प्रेक्षागृह में आपसी परिवारिक विवाद को समाप्त कराकर एक परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया गया। आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र के कुशल काउंसलर्स डी.पी.सिंह, सरदार सरजीत सिंह, फहीम किदवई,रजनीश विश्वकर्मा,धनन्जय सिंह, अनुराधा सिंह तथा पुलिस टीम उ0नि0 रमाशंकर मिश्र, म0मु0आ0 संगीता यादव, म0आ0 छाया द्विवेदी, म0आ0 निशी त्रिवेदी द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस लाइन बहराइच प्रेक्षागृह बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़ों को एक-दूसरे के साथ आपस में सामन्जस्य स्थापित कर, परिवारिक दायित्वों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

## रेलवे मे फर्जी भर्ती के नाम पर ठगी

गोरखपुर। गोरखपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में रेलवे में फर्जी भर्ती के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। पूर्वोत्तर रेलवे के वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी रवि मिश्रा की तहरीर पर शाहपुर थाने में शनिवार शाम दीपक कुमार सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज की गई है। जांच में सामने आया है कि आरोपी दीपक कुमार सिंह पूर्व में रेलवे में ही काम करता था। उसकी हरकतों की वजह से नौकरी से हटा दिया गया है। फिलहाल पुलिस हर पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है।

वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी रवि मिश्रा ने बताया कि प्रार्थना पत्रों के माध्यम से रजत जायसवाल एवं अन्य अभ्यर्थियों ने जानकारी दी। उनके व्हाट्सएप पर रेलवे में प्राइवेट भर्ती का विज्ञापन किसी ने भेजा था। विज्ञापन में दिए गए नंबर पर अभ्यर्थियों ने संपर्क किया। तब उस व्यक्ति ने विभिन्न दस्तावेज लिए और नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे जमा करने के लिए कहा। अभ्यर्थियों ने बताया कि वह व्यक्ति खुद को रेलवे का अधिकारी बताते हुए अपना नाम दीपक कुमार सिंह बताया था। उसने एक गोपनीय पासवर्ड भी शेयर किया था। इसके बाद अभ्यर्थियों ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से रेलवे के उच्च अधिकारियों को इस बात की जानकारी दी। अधिकारियों के निर्देश पर जांच शुरू हुई तो पता चला कि दीपक कुमार सिंह पूर्व में आलमबाग कार्यशाला में कार्यरत था। वर्तमान में वहां से हटाया जा चुका है। बताया जा रहा है कि 60-70 युवकों से नौकरी के नाम पर आरोपी ठगी कर चुका है। इसकी जांच चल रही है।

वरिष्ठ कर्मिक अधिकारी का कहना है कि रेलवे में नौकरी के नाम पर ठग सक्रिय हैं। सोशल मीडिया, व्हाट्सएप और फर्जी वेबसाइट पर बिना परीक्षा सीधी भर्ती, तत्काल जॉइनिंग जैसे विज्ञापन दिखाकर युवाओं को फंसाया जा रहा है। याद रखें, रेलवे में सभी भर्तियां सिर्फ RRB औरU RRC के जरिए लिखित परीक्षा/इंटरव्यू से होती हैं। कोई भी अधिकारी फोन पर नौकरी का ऑफर नहीं देता। रजिस्ट्रेशन फीस, ट्रेनिंग या डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के नाम पर पैसे मांगे तो तुरंत सतर्क हो जाएं। भर्तियों की जानकारी केवल आधिकारिक साइट पर देखें। ठगी होने पर साइबर हेल्पलाइन 1930 या रेल मदद 139 पर शिकायत करें।

# अब सुरक्षा कर्मियों को मिलेगी आधुनिक आवासीय सुविधा

- बेगमपुरा में 228 क्षमता वाले ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कार्य सम्पन्न
- आरजेबी परिसर सुरक्षा में तैनात जवानों के लिए बना अत्याधुनिक हॉस्टल परिसर
- 22.22 करोड़ लागत से तैयार हुआ बेगमपुरा ट्रांजिट हॉस्टल प्रोजेक्ट
- बेसमेंट पार्किंग, बैरक और डायनिंग हॉल समेत सभी सुविधाओं से लैस हुआ हॉस्टल



**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में पुलिस सुरक्षा कर्मियों के बेहतर आवास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। बेगमपुरा क्षेत्र में आरजेबी परिसर सुरक्षा में तैनात जवानों के लिए निर्मित 228 क्षमता वाला अत्याधुनिक ट्रांजिट हॉस्टल पूर्ण रूप से तैयार हो गया है। 22.22 करोड़ रुपये की लागत से विकसित यह परिसर अब पुलिस विभाग को सौंपे जाने की प्रक्रिया में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए यह हॉस्टल बनाया गया है। मोहल्ला बेगमपुरा में पुलिस विभाग को आवंटित भूमि पर यह परिसर सुरक्षा कर्मियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवास प्रदान करेगा। ट्रांजिट हॉस्टल में कुल 38 बैरक हैं, जिनकी क्षमता 6 व्यक्तियों प्रति बैरक है। इससे कुल 228 जवानों को एक साथ रहने की सुविधा उपलब्ध होगी। परिसर में चार ब्लॉक बनाए गए हैं।

बेसमेंट में स्टोर और मल्टीपरपज हॉल, दो और चार पहिया वाहन पार्किंग, भूतल पर 18 बैरक, शौचालय ब्लॉक, कमरे, किचन और डाइनिंग हॉल, प्रथम तल पर 20 बैरक, अतिरिक्त शौचालय और आवासीय सुविधाएं, हॉस्टल पूरी तरह से सिविल कार्यों के साथ तैयार है। वर्तमान में कार्य पूर्ण हस्तांतरण हेतु औपचारिक प्रक्रिया चल रही है। इसका वित्त-पोषण उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा किया गया। कार्य की शुरूआत 15 अक्टूबर 2024 को हुई थी और निर्धारित समयावधि में पूरा कर लिया गया। यह ट्रांजिट हॉस्टल केवल एक इमारत नहीं, बल्कि उन जवानों के प्रति सम्मान है जो रामनगरी की सुरक्षा में 24 घंटे तैनात रहते हैं। अयोध्या में बढ़ते पर्यटन, धार्मिक आयोजनों और सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए ऐसे आधुनिक आवासीय परिसर की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। अब सुरक्षा कर्मी बेहतर वातावरण, स्वच्छ आवास, उचित खान-पान और आरामदायक रहन-सहन की सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा यह परियोजना बेहद गुणवत्ता के साथ पूरी की गई है। परिसर में प्राकृतिक रोशनी, वेंटिलेशन और आधुनिक सिविल डिजाइन का पूरा ध्यान रखा गया है, जो लंबे समय तक टिकाऊ रहे। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद सुरक्षा की चुनौतियां बढ़ी हैं। ऐसे में जवानों के लिए बेहतर आवास, स्वास्थ्य सुविधाएं और आधुनिक बुनियादी ढांचा तैयार करना सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। लोक निर्माण विभाग खंड 2 के अधिशासी अभियंता उमेश चंद्र ने बताया कि बेगमपुरा ट्रांजिट हॉस्टल इसी दिशा में एक ठोस कदम है। इस परिसर के पूरा होने से जवानों का मनोबल बढ़ेगा और वे अपनी ड्यूटी और भी बेहतर तरीके से निभा सकेंगे। यह परियोजना अयोध्या को न सिर्फ धार्मिक नगरी बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी अत्याधुनिक शहर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। जल्द ही औपचारिक उद्घाटन के बाद हॉस्टल को चालू कर दिया जाएगा, जिससे सुरक्षा कर्मियों को तत्काल लाभ मिल सकेगा।

# राष्ट्रहित के विषयों पर प्रधानमंत्री के विचारों का हुआ सामूहिक श्रवण

## महानगर के 419 बूथों पर सुनी गई 'मन की बात', जनप्रतिनिधियों ने बताया प्रेरणादायी




**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का लाइव प्रसारण रविवार को भाजपा महानगर के सभी 419 बूथों पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों द्वारा सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र निर्माण, सामाजिक जागरूकता, नवाचार और जनभागीदारी से जुड़े विषयों पर रखे गए विचारों को कार्यकर्ताओं ने सुना।

पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने सहादतगंज क्षेत्र में कार्यक्रम सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की 'मन की बात' देशवासियों को सकारात्मक सोच और जनसेवा के लिए प्रेरित करने वाला मंच बन चुका है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने करियप्पा मंडल के रिकाबगंज में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के विचार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और जागरूकता का संदेश पहुंचाते हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कौशलपुरी में कहा कि 'मन की बात' जनसरोकारों को राष्ट्रीय विमर्श से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने मणिराम दास जी की छावनी वार्ड में कहा कि कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन और जनभागीदारी की भावना को मजबूत करता है।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने पार्टी कार्यालय सहादतगंज में कार्यक्रम सुनने के बाद कहा कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों से प्रधानमंत्री का सीधा संवाद है। इसके माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन, जनभागीदारी, स्वदेशी, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के विषयों को निरंतर प्रोत्साहन मिलता है।

वहीं पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने विद्याकुंड वार्ड में कहा कि प्रधानमंत्री के विचार आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, अरविंद सिंह, रवि शर्मा, शिवम् शुक्ला, प्रवीण दूबे, बाल कृष्ण वैश्य, मुकेश तिवारी, रवि सोनकर, कपिल देव वर्मा, हेमंत तिवारी, शशि प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी अमित कुमार मिश्र, जेपी श्रीवास्तव, पार्षद ज्ञान केसरवानी, सुशील मिश्र, सर्वज्ञ सिंह, रीना द्विवेदी, गरिमा मौर्या, वरूण चौधरी, प्रदीप यादव, स्वप्निल श्रीवास्तव, सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने विभिन्न बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को सुना।

# मारपीट के दौरान युवक की मौत, दो घायल




**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** जनपद अंबेडकरनगर केथाना संममनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत लखनिया स्थित पंचायत भवन के पास शनिवार देर रात रास्ते से हटने को लेकर हुए विवाद में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है, जिसके चलते भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत शरीफपुर निवासी साहिल (22 वर्ष, पुत्र शकील) और जमशेद (पुत्र नसीम) लखनिया बाजार से दूध लेकर घर लौट रहे थे। आरोप है कि पंचायत भवन के पास लखनिया निवासी सुनील (पुत्र अमरजीत) और उसके साथियों के साथ रास्ते को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई।

इस दौरान साहिल के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि जमशेद और दूसरी बाइक पर मौजूद यासीन (पुत्र शरीफ) भी चोटिल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर ले जाया गया, जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुँचने पर चिकित्सकों ने साहिल को मृत घोषित कर दिया। वहीं, जमशेद और यासीन की हालत गंभीर बनी हुई है, जिनका उपचार जारी है।

साहिल की मौत की खबर फैलते ही आसपास के गाँवों से बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने तत्परता दिखाई। थाना प्रभारी दिनेश कुमार सह और पुलिस बल ने मौके पर पहुँचकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपितों की तलाश में जुटी है। क्षेत्राधिकारी नगर नीतीश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात है।

# अलग-अलग अपराध में तीन अभियुक्त गिरफ्तार



**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा चलाए जा रहे वांछित अपराधियों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) अम्बेडकरनगर के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी भीटी के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अहिरौली अभिषेक त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा 02 गैर-जमानती वारंटियों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

उ0नि0 लक्ष्मीकांत वर्मा मय पुलिस बल द्वारा माननीय न्यायालय सिविल जज (जू0डि0)/त्वरित न्यायालय/जे0एम0, अम्बेडकरनगर द्वारा निर्गत गैर-जमानती वारंट के अनुपालन में वाद संख्या 1290/2026, एनसीआर संख्या 29/2018, धारा 323/504 भा0द0वि0, थाना अहिरौली, जनपद अम्बेडकरनगर से संबंधित वारंटीगण को उनके निवास स्थान से गिरफ्तार किया गया।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी तथा क्षेत्राधिकारी जलालपुर के कुशल पर्वेक्षण में व थानाध्यक्ष के नेतृत्व में थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 107/26 धारा 74/78/352/351(3)/296 बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त मो0 हसनैन पुत्र रियाज उम्र करीब 18 वर्ष निवासी ग्राम सोनगाँव थाना कोतवाली अकबरपुर जनपद अम्बेडकर नगर व 01 नफर अपचारी किशोर समीर पुत्र मिम्मसद उम्र करीब 17 वर्ष नि0ग्राम सोनगांव थाना कोतवाली अकबरपुर जनपद अ0नगर की बाउम्मीद गिरफ्तारी में मै उप निरीक्षक मय हमराही कर्मचारी के थाना मालीपुर से रवाना होकर क्षेत्र में मामूर था कि जरिये मुखबिर सूचना मिली कि आपके मुकदमें से संबंधित वांछित अभियुक्त व अपचारी किशोर कजरी नन्दापुर मोड़ पर मोटर साइकिल वाहन संख्या यूपी 45 एएस 1508 के साथ मौजूद है जो कहीं जाने की फिराक में खडे है यदि जल्दी किया जाय तो पकड़े जा सकते है मुखबिर खास की इस सूचना पर विश्वास कर मैं उ0नि0 मय हमराह के बताये गये स्थान की तरफ चल दिये जैसे ही हम लोग कजरी नन्दापुर मोड़ के पास पहुँचे तो मुखबिर खास इशारा करते हुए बताया कि जो दो लड़के लाल रंग की मोटर साइकिल के साथ रोड के किनारे खडे है वहीं आपके मुकदमें से संबधित है जो हम पुलिस वालों को देखकर तेज कदमो से पीछे मुड़ कर भागने लगे , हम पुलिस वालों द्वारा एकबारगी दबिश देकर हिकमत अमली से अभियुक्त व अपचारी किशोर को पकड लिया गया पकडे गये लडकों से नाम पता पूछा गया तो बारी बारी से अपना 01. मो0 हसनैन पुत्र रियाज उम्र करीब 18 वर्ष निवासी ग्राम सोनगाँव थाना कोतवाली अकबरपुर जनपद अम्बेडकर नगर व अपचारी किशोर 02. समीर पुत्र मिम्मसद उम्र करीब 17 वर्ष नि0ग्राम सोनगांव थाना कोतवाली अकबरपुर जनपद अ0नगर बताये जिसको किये गये जुर्म धारा से अवगत कराते हुए समय करीब 11.30 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया । तथा वाहन संख्या यूपी 45 एएस 1508 का कागजात माँगा तो दिखाने में कासिर रहा जिसको ई-चालान एप्प के माध्यम से आनलाइन एमवी एक्ट की धारा 207 में सीज किया गया गिरफ्तारी के समय मा0 सर्वोच्च न्यायालय व मानवधिकार आयोग के आर्देशों निर्देशों का अक्षरश: पालन किया गया। अभियुक्त उपरोक्त व बाल अपचारी किशोर को नियमानुसार मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है

वहीं दूसरी ओर अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) डॉ तेजवीर सिंह के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी जलालपुर श्री अनूप कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में थाना मालीपुर पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

थाना मालीपुर पुलिस टीम मु0अ0सं0 109/2026, धारा 69/ 115 (2)/ 352/351(3) बीएनएस एवं धारा 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(1) एससी/ एसटी एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्र में भ्रमणशील थी। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त मुकदमे से संबंधित अभियुक्त भदोई मोड़, जलालपुर-मालीपुर मार्ग पर मौजूद है तथा कहीं जाने की फिराक में है। प्राप्त सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। अभियुक्त पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करते हुए पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम अभ्युदय उर्फ शिवम दूबे पुत्र विवेकानन्द दूबे निवासी ग्राम भदोई दूबे का पुरवा, थाना मालीपुर, जनपद अम्बेडकरनगर बताया।

# पति-पत्नी साथ रहने को हुए राजी



**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** थाना मालीपुर, जनपद अम्बेडकरनगर स्थित मिशन शक्ति केन्द्र पर पति-पत्नी के मध्य उत्पन्न आपसी विवाद एवं मतभेद के संबंध में एक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष मालीपुर स्वतंत्र कुमार मौर्य के नेतृत्व में शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत मिशन शक्ति केन्द्र पुलिस टीम द्वारा दोनों पक्षों की काउंसिलिंग की गई।

काउंसिलिंग के दौरान दोनों पक्षों को आपसी संवाद, पारिवारिक मूल्यों एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के संबंध में समझाया गया। पुलिस टीम के प्रयासों से दोनों पक्षों के बीच उत्पन्न मतभेद दूर हुए तथा आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर विवाद का सफलतापूर्वक निस्तारण कराया गया।

दोनों पक्षों ने भविष्य में आपसी प्रेम, विश्वास एवं सम्मान के साथ जीवन यापन करने की सहमति व्यक्त की तथा पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

## आधुनिक पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन वितरण हेतु आवेदन 10 तक

**अयोध्या।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राकेश दुबे ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आधुनिक पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन इच्छुक भुर्जी समाज के कारीगर एवं इस उद्योग में रूचि रखने वालों को नि:शुल्क वितरण हेतु आवेदन पत्र दिनांक 10 जून 2026 तक आमंत्रित किये जाते हैं। अभ्यर्थी अपना आवेदन विभागीय वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन सेवाओं के अन्तर्गत टूल किट्स में पंजीकरण करते हुए निम्न प्रपत्र (आधार, पैन, शैक्षिक प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण- पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड की छायाप्रति व पासपोर्ट साइज फोटो) अपलोड करें। किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर इच्छुक अभ्यर्थी अपने प्रपत्रों के साथ कार्यालय कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, सत्यवती सदन, वेनीगंज रोड़, निकट बड़ी देवकाली मंदिर, (फैजाबाद) अयोध्या सम्पर्क कर अपना आवेदन कर सकते हैं। लाभार्थियों का चयन विभाग से गठित चयन कमेटी द्वारा किया जायेगा, जिसकी तिथि निर्धारित होने पर अभ्यर्थियों को अवगत कराया जायेगा। साक्षात्कार में स्वयं भाग लेना अनिवार्य होगा। इसके लिए विभाग द्वारा कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा।

# केन्द्रीय दुर्गा समिति की अगुवाई में हुआ सफाई कार्य




**अयोध्या।** केंद्रीय समिति के संरक्षक और अयोध्या महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी जी के आह्वान पर केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति अयोध्या के जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल की अगुवाई में केंद्रीय समिति के पदाधिकारी ने नाका हनुमानगढ़ी से अग्रसेन चौक तक सफाई का कार्य किया।

श्री जायसवाल ने कहा कि स्वच्छता हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। अयोध्या पौराणिक नगरी है और यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम अपने नगर को गंदगी से मुक्त रखे। सफाई के दौरान लोगों से आग्रह भी किया गया कि कूड़े को सड़क पर ना फेंके और गीले तथा सूखे कचरे को अलग अलग करके डस्टबिन में ही डालें।

आज के इस कार्यक्रम में सहयोग करने वालों में मुख्य रूप से पवन निषाद, अतुल सिंह, रोहिताश चंद्र राजू, अखिलेश पाठक, रंजीत शर्मा, राजू जायसवाल अंकुश गुप्ता, अजय विश्वकर्मा, डॉक्टर अखिलेश वैश्य, अंजनी पांडे, राम बाबू कसौधन, अरुण अग्रहरी, राम रेखा सिंह, रविंद्र यादव, सुनील जायसवाल, मयंक मिश्रा, अंश गुप्ता, काशी निषाद सहित दो दर्जन से ज्यादा लोग शामिल रहे।

# पुलिस ने किया गश्त, कराया सुरक्षा का एहसास



**सिकंदरपुर अम्बेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर सुश्री प्राची सिंह अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी डॉ तेजवीर सिंह एवं क्षेत्राधिकारी जलालपुर अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी त्यौहार त्यौहारो आगामी त्यौहार त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मालीपुर थानाध्यक्ष स्वतंत्र मौर्य उपनिरीक्षक अनिल शर्मा ने अपनी पुलिस टीम के साथ मालीपुर कस्बे में पैदल गश्त की।

पैदल गश्त के दौरान मालीपुर चौराहे व आसपास के प्रमुख स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं मोटरसाइकिल सवारों को रोककर पूछताछ की गई। वहीं सड़क किनारे अनावश्यक रूप से खड़े लोगों से भी जानकारी ली गई। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी कि बिना कारण सड़क पर घूमते पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं मालीपुर कस्बे में

थानाध्यक्ष स्वतंत्र मौर्य ने स्थानीय लोगों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए कहा कि मालीपुर पुलिस 24 घंटे जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए तत्पर है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष मालीपुर

उन्होंने कहा कि आगामी सभी त्योहार आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए जाएं, इसके लिए पुलिस पूरी तरह अलर्ट है इस दौरान उपनिरीक्षक अनिल शर्मा आदि पुलिसकर्मी हेड कांस्टेबल सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

# सड़क किनारे बना गहरा गड्ढा, हादसे का बढ़ा खतरा

## लोक निर्माण विभाग कर रहा है बड़े हादसे का इंतजार



**शुजागंज अयोध्या।** भेलसर-टिकैतनगर मार्ग पर शुजागंज चौकी के निकट बारिश के दौरान 11 हजार वोल्ट विद्युत पोल के पास सड़क किनारे गहरा गड्ढा बन गया है, जिससे राहगीरों की जान जोखिम में पड़ गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह गड्ढा दिन-ब-दिन बड़ा होता जा रहा है और किसी भी समय गंभीर हादसे का कारण बन सकता है।इस मार्ग से प्रतिदिन स्कूल बसें, दोपहिया वाहन, ई-रिक्शा तथा अन्य यात्री वाहन गुजरते हैं। रात के समय गड्ढा दिखाई न देने के कारण दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि सड़क की खराब स्थिति की जानकारी होने के बावजूद लोक निर्माण विभाग द्वारा अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।गौरतलब है कि शुजागंज क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है, लेकिन इसके बावजूद इस खतरनाक गड्ढे की मरम्मत नहीं कराई गई है। स्थानीय नागरिकों ने शीघ्र मरम्मत कराए जाने की मांग की है।इस संबंध में रूदौली उपजिलाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी लोक निर्माण विभाग को दे दी गई है और जल्द ही गड्ढे की मरम्मत कराकर समस्या का समाधान कराया जाएगा। स्थानीय लोगों ने जिला अधिकारी से तुरंत संज्ञान लेकर सड़क को सही करने के लिए मांग की है।

## मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 37 मरीजों का हुआ उपचार, गर्भवती महिलाओं की भी हुई जांच

**रानी बाजार, अयोध्या।** विकासखंड मसौधा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कनैला में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर नि:शुल्क उपचार एवं दवाओं का वितरण किया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. दिनेश प्रकाश ने बताया कि मेले में कुल 37 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें 25 महिलाएं, 8 पुरुष तथा 4 बच्चे शामिल रहे। उन्होंने बताया कि अधिकांश मरीज बुखार एवं खुजली से पीड़ित पाए गए, जिनका परीक्षण कर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं। मेले के दौरान दो गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच भी की गई। जांच में खून की कमी पाए जाने पर उन्हें आयरन एवं अन्य आवश्यक दवाएं प्रदान की गईं तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिया गया।

इस अवसर पर फार्मासिस्ट ओपी सोनी, लैब टेक्नीशियन संजय वर्मा तथा स्वास्थ्यकर्मी मायावती सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा, बूथ बैठक संपन्न




**रानी बाजार, अयोध्या।** विकास खंड मसौधा क्षेत्र की ग्राम सभा सिडहिर नरसिंहपुर में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने वरिष्ठ कार्यकर्ता महेश सिंह के आवास पर पहुंचकर ग्रामीणों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का लाइव प्रसारण सुना और देखा। कार्यक्रम के उपरांत मासिक बूथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का शुभारंभ जिला अध्यक्ष द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है तथा इसके पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की संख्या अन्य राजनीतिक दलों की अपेक्षा अधिक है। उन्होंने कहा कि पार्टी की निरंतर सफलता के लिए बूथ स्तर का संगठन मजबूत होना अत्यंत आवश्यक है। बूथ जितना सशक्त होगा, पार्टी उतनी ही मजबूत होगी।

बूथ अध्यक्ष उत्तम सिंह ने बूथ की वर्तमान स्थिति एवं संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम के बाद नियमित रूप से मासिक बूथ बैठक आयोजित की जाती है, जिससे कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय एवं संगठनात्मक मजबूती बनी रहती है।

कार्यक्रम में देवेंद्र सिंह, जन्मेजय सिंह, मंडल प्रभारी रमन सिंह, धर्मराज प्रजापति, राजेश चौरसिया ,संजय यादव, विजय कसौधन ,अंजनी मिश्रा, श्यामलाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## अदालती नोटिस

**मुख्य प्रतिवादी के विधिक प्रतिनिधि को सम्मन संस्थन-22 नियम- 4 जा0 दी0**

न्यायालय श्रीमान प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय अयोध्या

सिविल अपील सं.- 73/2016

तारीख पेशी- 09.07.26

रामकुमार................अपीलाण्ट

बनाम

रामकरन आदि.............रेस्पाण्डेंट

बनाम-1/1.हरि प्रसाद पुत्र रामचरण 1/2.श्रीमती रीता पुत्री रामचरण निवासीगण ग्राम अमौना परगना अमसिन तहसील सदर जिला अयोध्या.........रेस्पाण्डेंट

वादी ने इस न्यायालय में तारीख..........को ...............प्रतिवादी के विरूद्ध वाद संस्थित किया था। प्रतिवादी की अब मृत्यु हो चुकी है और उक्त वादी ने अभिकथन करते हुए इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अब उक्त..अजमत अली.. मृतक के विधिक प्रतिनिधि हैं। और यह इच्छा प्रकट की है कि आपको उसके बदले प्रतिवादी बनाया जाय।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त वाद में प्रतिरक्षा जबाबदेही करने की तिथि 09.07.26 को 10 बजे पूर्वान्ह इस न्यायालय में हाजिर हो और यदि आप उपरोक्त बढ़ायी गयी तिथि को उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख 30.05.26 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा बगादर जारी किया गया।

आज्ञा से न्यायालय

# तरुणमित्र

सोमवार, 01 जून 2026

संवत- 2083, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष.- 01


## किसकी माने

*भारतीय रुपया पिछले एक वर्ष से लगातार कमजोर होता जा रहा है और अब यह गिरावट के ऐतिहासिक स्तर 96 रुपए के आसपास पहुंच गई है। रुपए पर दबाव का एक बड़ा कारण पश्चिम एशिया में ईरान, इजराइल और अमरीका के बीच बढ़ा तनाव भी है, जिसके चलते वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। इसके साथ ही ट्रंप की टैरिफ नीतियों का असर भी वैश्विक बाजारों पर दिखाई दे रहा है। लेकिन समझना यह होगा कि क्या आज भी भारत उसी दौर में खड़ा है, जहां वैश्विक दबावों के चलते रुपए की कमजोरी भारतीय अर्थव्यवस्था को डांवाडोल कर सकती है? नहीं, अब भारतीय अर्थव्यवस्था पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत और सक्षम है। हालांकि अनिश्चितता और आशंका का माहौल जरूर दिखाई देता है। यह मान लेना भी गलत होगा कि किसी देश की कमजोर मुद्रा हमेशा उसकी कमजोर अर्थव्यवस्था का संकेत होती है, क्योंकि वैश्विक परिस्थितियों का प्रभाव हर अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। भारतीय अर्थव्यवस्था पिछले एक वर्ष में रुपए के मूल्य में लगभग 13 फीसदी की गिरावट के बावजूद मजबूत बनी हुई है। किसी भी देश की मुद्रा का आदर्श मूल्य क्या होना चाहिए या वह किस स्तर पर स्थिर रहेगी, इसका सटीक अनुमान लगाना लगभग असंभव है।*

*जापान भारत से अधिक विकसित देश है और उसकी प्रति व्यक्ति आय भारत से कई गुना अधिक है, लेकिन वर्तमान में एक अमरीकी डॉलर का मूल्य लगभग 158 जापानी येन के बराबर है। क्या इससे यह साबित होता है कि जापान की अर्थव्यवस्था भारत से कमजोर है? वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। जापान तकनीकी और औद्योगिक दृष्टि से आज भी दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। हां, भारत की आबादी जापान से कहीं अधिक है। रुपए की कमजोरी यह आशंका भी पैदा करती है कि चालू खाते का घाटा बढ़ सकता है, लेकिन यह समझना जरूरी है कि चालू खाता केवल आयात-निर्यात के अंतर से तय नहीं होता, बल्कि विदेशी पूंजी निवेश से भी प्रभावित होता है। यह निवेश एफपीआइ और एफडीआइ दोनों रूपों में आता है। पिछले वित्तीय वर्ष में भारतीय पूंजी बाजार से करीब दो लाख करोड़ रुपए की विदेशी निकासी हुई, जिससे रुपए पर दबाव बढ़ा। इसके बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती इस बात से दिखाई देती है कि इतनी बड़ी निकासी के बाद भी सेंसेक्स और निफ्टी लगभग उन्हीं स्तरों पर बने हुए हैं, जहां वे एक वर्ष पहले थे। इससे यह संकेत मिलता है कि डॉलर की तुलना में रुपए की कमजोरी आने वाले समय में विदेशी निवेशकों को भारतीय बाजार की ओर आकर्षित कर सकती है, क्योंकि अब भारतीय संपत्तियां तुलनात्मक रूप से अधिक सस्ती हो गई हैं। यदि विदेशी निवेश बढ़ता है, तो चालू खाते के घाटे को संतुलित करने में भी मदद मिल सकती है। हालांकि, रुपए की कमजोरी का दूसरा पक्ष यह है कि आयात महंगे हो जाते हैं। इसका सीधा असर घरेलू बाजार में महंगाई के रूप में दिखाई देता है। ऐसी स्थिति में महंगाई को नियंत्रित करने के लिए केंद्रीय बैंक प्राय- ब्याज दरों में वृद्धि का सहारा लेता है। हालांकि इससे वित्तीय तरलता और लोगों की क्रय क्षमता प्रभावित होती है। इसी कारण सरकार ने जीएसटी दरों में संशोधन कर करों का बोझ कम करने का प्रयास भी किया था। दूसरी ओर, भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपए को संभालने के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में लगभग 53 अरब डॉलर बाजार में उतारे, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं माना जा सकता, क्योंकि इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव पड़ता है। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि रुपया केवल आयात घटने पर निर्भर नहीं है, बल्कि वह वैश्विक परिस्थितियों के बीच खुद को संतुलित बनाए रखने का प्रयास कर रहा है।*

## ...आज का दिन...

**मेष**- दिन अशुभ, महत्वपूर्ण कार्यों में विलम्ब, आर्थिक स्थिति में व्यवधान, धनागम में बाधा, आशा के विपरीत, घरेलू समस्याओं से मन व्यथित, धोखे की आशंका।

**वृषभ**- आकस्मिक लाभ का सुयोग, व्यक्तित्व का विकास, सोचे हुए कार्य पूर्णता की ओर, प्रियजनों से सामंजस्य, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, शांति भी।

**मिथुन**- पारिवारिक दायित्व की पूर्ति का प्रयास, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, विवाद का समापन पक्ष में सुलझने की ओर, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, संत समागम।

**कर्क**- कठिनाइयों का निवारण, उपहार या सम्मान का लाभ, बौद्धिक क्षमता का विकास, जनसम्पर्क उपयोगी, मेल-मिलाप में अभिरुचि, जीवन साथी का सानिध्य।

**सिंह**- दिनचर्या अव्यवस्थित, पारिवारिक तनाव, अभिलाषा की पूर्ति में व्यवधान, आपसी सम्बन्धों में तनाव, शिक्षा के क्षेत्र में असफलता, विरोधी हानि पहुँचाने में सफल।

**कन्या**- ग्रहयोग बेहतर, विविध पक्षों में अनुकूलता, व्यावसायिक सफलता, प्रियजनों से सामंजस्य, सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, लाभ का मार्ग प्रशस्त, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि।

**तुला**- अभिलाषा की पूर्ति का प्रयास, विरोधी परास्त, सामाजिक गतिविधियों में वृद्धि, कर्ज निवृत्ति का प्रयास सार्थक, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, अध्यात्म में रुचि।

**वृश्चिक**- किसी योजना का श्रीगणेश, धन सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, सुसमाचार की प्राप्ति।

**धनु**- पारिवारिक उलझनें, सफलता में व्यवधान, शत्रु से हानि, धर्म में अरुचि, यात्रा निष्फल, नवयोजना अधूरी, आपसी मतभेद, कष्ट भी, सावधानी जरूरी।

**मकर**- आशाएं फलीभूत, आर्थिक स्थिति में सुधार हेतु प्रयास सार्थक, परिवार में सुख-शांति का वातावरण, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

**कुम्भ**- ग्रहस्थिति अनुकूल, शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सफलता, परोपकार की भावना जागृत, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था, संत समागम, यश में वृद्धि।

**मीन**- व्यक्तिगत कार्य क्षमता में वृद्धि, विवाद समापन पक्ष में, स्वजनों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, आपसी सलाह से कामयाबी, सुसमाचार मिलने से हर्ष।


-: श्री विमल जैन :-

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722


# दुष्टों की दुर्गति कंस और रावण जैसी ही होगी



उत्तर प्रदेश में त्योहारों पर खलल डालने वालों की अब खैर नहीं उनकी लंका अर्थात जरायम की दुनियां को अब हनुमान अर्थात उत्तरप्रदेश शासन और उसके हनुमान योगी जी जलाकर ही छोडेंगे। जी हां आज हम बात कर रहे हैं उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी जी की जिन्होंने कहा है की उत्तरप्रदेश में यदि कोई अपराध किया तो अपराधियों की दुर्दशा रावण और कंस जैसी ही होगी। यह तो एक प्राकृतिक सत्य है जो सदा होता आया है की जिसने भी मानवता को पीड़ा पहुंचाने का कार्य किया है उसका अंत निश्चित रूप से रावण और कंस सरीखा ही हुआ है।

अगर आंकड़ो की मानें तो वर्ष 2017 से आज तक उत्तरप्रदेश में 17000 एनकाउंटर हुए हैं शायद यह सब इसी दिशा में सरकार द्वारा किया जाने वाले कार्य हैं। योगी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही है की योगी के राज्य में किसी प्रकार का कोई साम्प्रदायिक दंगा जो संप्रदाय के आधार पर होता है वह नहीं हुआ उन्होंने कहा कि हमारी बहन, बेटी, व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाने की जिसने भी कोशिश किया उसका रास्ता सीधे यमराज के यहां ही जाता है, यह सत्य है। आखिर ऐसा क्यों न हो? क्या बदमाशों, आतंकवादियों, देशद्रोहीयों का स्वागत किया जाएगा अब वह सरकार नहीं की वोट की राजनीति के कारण वह तुस्टीकरण करते हुए अपराधियों पर कार्यवाही से डरेगी,वे उनपर ततकाल कठोरतम कार्यवाही करेगी।



योगी आदित्यनाथ एक ऐसे संत हैं जिनमें एक हाथ में सज्जनों के लिए जैसा कि सन्तों के एक हाथ में माला होती है,माला है अर्थात जिसमें लोक कल्याण के विविध आयाम और योजनाएं हैं और ठीक उसी प्रकार दुष्ट और दुर्जनों के लिए दूसरे हाथ में उनके भाला है, जो सीधे सजा सुनाता है अपने यमदूत बुलडोजर को भेजकर उनके अवैध अर्जित लंका को जलाता है और बहुत को सीधे यमलोक भी भिजवाया जाता है।

यहां एक पक्ष और विचारणीय है कि जब देश में राष्ट्रवाद की बात चली जब देश में एकता और अखंडता की बात चलती है तो उस समय देश के ही कुछ लोग देश के साथ क्यों नही होते? क्यों भारत माता की जय नहीं बोलते?

वह फिलिस्तीन का जय बोलेंगे, ईरान की जय बोलेंगे यहां तक हिजबुल्ला की जय बोल सकते हैं लेकिन भारत माता उनके मुंह से नहीं निकलती आखिर यह क्यों है और देश के नागरिक के लिए क्या यह उचित है। योगी जी के रावण और कंस जैसे शब्द देने के विचार मन में क्यों आये यह विचारणीय प्रश्न है। योगी जी ने 2005 में मउं आजमगढ़ में हुए भरत मिलाप के दिन के उस धार्मिक कार्यक्रम में जो दंगा हुआ था उस पर बोल रहे थे,जो अनायास रक वर्ग के ऊपर धौस जमाने कर लिए हुआ था,यहां तक कि योगी जी को स्वयं आजमगढ़ में घेर लिया गया था।उस समय अनायास दंगे होते थे पूरवर्ती सरकारें दंगाईयो पर कार्यवाही वोट के भय से न करके उनसे ही शांति की अपील करती थी।

आज विकास और सुशासन एक साथ चल रहे भाजपा के मुख्य आयाम हैं जिनमें %सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सब का विश्वास जुड़ा है, इसी कारण आज भारतीय जनता पार्टी ने समाज के दबे, कुचले, पिछड़े, वंचित, महिला, गरीब, किसान सबके बीच में अपना एक अहम स्थान बना लिया है क्योंकि विकास जब समरसभाव से किया जाता है तो उसका लाभ देर-सबेर सबको मिलता ही है। योगी जी ने स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा की चार जातियां हैं वही उनके लिए वरीयता में सबसे महत्वपूर्ण है पहला गरीब, दूसरा युवा तीसरा नारी और चौथा किसान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चारों के उत्थान के लिए बहुत सारी योजनाएं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रहीं हैं,योगी जी जहां जाते हैं उनका एक प्रश्न जनता से होता है कि आखिर इतनी योजनाएं पहले क्यों नहीं आयी। कहां थे लोग जब यहां आम आदमी पर अत्याचार हो रहा था? कहां थे लोग जब यह कहा गया कि देश के संसाधनों पर एक संप्रदाय का विशेष हक है। इसलिए उन्होंने कहा कि विकास किसी जाति विशेष का नहीं होता बल्कि उसका होता है जो उसका असली हकदार होता है और विकास सदा बिना भेदभाव के होता है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 10 करोड लोगों को %आयुष्मानभारत% और मुख्यमंत्री की जनआरोग्य योजना के तहत आज मुफ्त में इलाज मिल रहा है। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत किसी किसान या बटाईदार के साथ दुर्घटना होने पर 24 घंटे के भीतर उसे 5 लाख रुपए की सहायता मिल रही है।

आज गरीब की जमीन को कोई कब्जा नहीं कर पा रहा है। आज लोगों को लगभग 20-22 घंटे बिजली मिल रही है। स्वास्थ्य, नर्सिंग, तकनीकी विकास के बहुत सारे आयाम एक साथ चल रहे हैं। बिना भेदभाव व छुआछूत के हमारे तमाम तीर्थ स्थलों का निर्माण हो रहा है। स्वालम्बन, स्वदेशी भाव के साथ सुशासन और स्वास्थ्य प्रदान करने वाली सेवाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। आज लगभग प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज हैं।गरीबों को पक्के आवास मिल रहे हैं उन्होंने सपा बसपा को इस बात के लिए कटघरे में खड़ा किया कि आखिर ये योजनायें इसके पूर्व क्यों नहीं आम आदमी के लिए धरातल पर उतरी और उसका विकास क्यों नहीं हुआ,तो इसका उत्तर यो कहा जा सकता है कि ये योजनायें भाई भतीजावाद, की भेंट चढ़कर कुछ ही लोगों को फायदा देती थी।

ध्यातव्य है कि भारत की संस्कृति के महान नायक प्रभु श्री राम पूर्वती सरकारों के कार्यकाल में अयोध्या में तिरपाल में थे, और वहीं सैफई में मस्ती का उत्सव चलता था, अयोध्या सूनी थी,आज अयोध्या गुलजार है और सैफई सूनी है।


**प्रोफे आर एन त्रिपाठी**

**पूर्व सदस्य- उप्र लोकसेवा आयोग।**

**प्रोफेसर-समाजशास्त्र विभाग काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी**


# 'तारीख पर तारीख' के युग से 'समय पर न्याय' के दौर तक



*- प्रो. आरके जैन "अरिजीत" -*

भारतीय न्याय व्यवस्था में कुछ फैसले केवल कानूनी आदेश नहीं होते, बल्कि बदलाव की नई दिशा तय करते हैं। 29 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी निर्देश ऐसा ही एक ऐतिहासिक हस्तक्षेप है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सभी हाईकोर्टों को स्पष्ट किया कि सुनवाई पूरी होने के बाद सुरक्षित (रिजर्व) रखा गया कोई भी फैसला सामान्यत: तीन महीने से अधिक लंबित नहीं रहना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत जारी यह निर्देश महज प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि न्याय की मूल भावना को सशक्त करने का प्रयास है। वर्षों से न्यायालयों में गूंज रही "तारीख पर तारीख" की संस्कृति पर इसे एक निर्णायक और दूरगामी प्रहार माना जा रहा है।

न्याय की सबसे बड़ी कसौटी केवल निर्णय नहीं, बल्कि उसका समय पर मिलना है। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह न्यायिक प्रक्रिया की उस गंभीर खामी पर प्रहार करता है, जिससे लाखों मुकदमेबाज वर्षों से प्रभावित होते रहे हैं। अनेक मामलों में बहस पूरी होने के बाद फैसले सुरक्षित रख लिए जाते थे, लेकिन उन्हें महीनों या वर्षों तक सुनाया नहीं जाता था। परिणामस्वरूप पक्षकार कानूनी अनिश्चितता में जीने को विवश हो जाते थे और उनका रोजगार, व्यवसाय तथा भविष्य अदालत के निर्णय की प्रतीक्षा में अटक जाता था। इसी वास्तविकता को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि न्यायिक फैसलों का अनिश्चितकाल तक लंबित रहना स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि न्याय का अर्थ केवल सुनवाई नहीं, समय पर निर्णय भी है। इस आदेश की शक्ति उसके संवैधानिक आधार में निहित है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 21 केवल जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का ही नहीं, बल्कि समय पर न्याय की अपेक्षा का भी संरक्षक है। जब किसी व्यक्ति का सम्मान, रोजगार, भविष्य या स्वतंत्रता किसी फैसले पर निर्भर हो, तब निर्णय में अनावश्यक देरी उसके मौलिक अधिकारों को प्रभावित करती है। इसलिए न्यायालय ने समयबद्ध न्याय को महज प्रशासनिक आवश्यकता नहीं, बल्कि संवैधानिक दायित्व माना है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत का यह कथन कि उन्होंने अपने लगभग पंद्रह वर्षों के हाईकोर्ट कार्यकाल में कभी किसी रिजर्व फैसले को तीन महीने से अधिक लंबित नहीं रखा, पूरी न्यायपालिका के लिए एक प्रेरक मानक प्रस्तुत करता है।

व्यक्तिगत स्वतंत्रता के प्रश्न पर सुप्रीम कोर्ट ने सबसे स्पष्ट और कड़ा संदेश दिया है। अदालत ने निर्देश दिया कि जमानत याचिकाओं पर आदेश आदर्श रूप से उसी दिन, अथवा अधिकतम अगले दिन जारी हो तथा इसकी सूचना तत्काल जेल प्रशासन तक पहुंचे। यह उन हजारों विचाराधीन कैदियों के लिए बड़ी राहत है, जो दोषसिद्धि के बिना लंबे समय से कारावास में हैं। न्यायालय का स्पष्ट मत है कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता को प्रक्रियागत देरी की भेंट नहीं चढ़ाया जा सकता। जमानत मंजूर होने के बाद उसका त्वरित लाभ मिलना ही वास्तविक न्याय है। इससे न केवल जेलों का बोझ घटेगा, बल्कि न्यायपालिका में जनविश्वास भी और मजबूत होगा। इस ऐतिहासिक निर्देश की सबसे बड़ी ताकत उसका जवाबदेह निगरानी तंत्र है। सुप्रीम कोर्ट ने केवल समय-सीमा तय नहीं की, बल्कि उसके पालन की ठोस व्यवस्था भी सुनिश्चित की है।

तीन महीने के भीतर फैसला न आने पर मामला मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर दूसरी पीठ को सौंपा जा सकेगा। साथ ही लंबित रिजर्व मामलों की निगरानी के लिए डिजिटल ट्रैकिंग प्रणाली विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह व्यवस्था पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करेगी। वहीं, जटिल मामलों के लिए सीमित छूट का प्रावधान रखकर न्यायालय ने व्यावहारिक संतुलन भी बनाए रखा है। यह पहल केवल लंबित फैसलों के निस्तारण का उपाय नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था की कार्यसंस्कृति में बदलाव का स्पष्ट संकेत है। देश में करोड़ों मुकदमे लंबित हैं और लगातार स्थगन, लंबी सुनवाई तथा निर्णयों में देरी ने आम नागरिक के मन में न्याय को एक थकाऊ और अंतहीन प्रक्रिया बना दिया था। सुप्रीम कोर्ट का यह कदम बताता है कि शीर्ष अदालत अब केवल अंतिम फैसले सुनाने तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे न्यायिक तंत्र को अधिक उत्तरदायी, प्रभावी और परिणामोन्मुख बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। समयबद्ध निर्णयों की संस्कृति विकसित होने से न्यायालयों की कार्यक्षमता बढ़ेगी, संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा और मुकदमों के निस्तारण की गति को नई ऊर्जा मिलेगी। बेशक, इस सुधार की राह पूरी तरह आसान नहीं है। कई हाईकोर्ट न्यायाधीशों की कमी, बढ़ते मुकदमों के बोझ और जटिल मामलों की चुनौती से जूझ रहे हैं। कुछ मामलों में गहन अध्ययन के कारण निर्णय में अतिरिक्त समय भी स्वाभाविक है। फिर भी सुप्रीम कोर्ट ने व्यावहारिक संतुलन बनाए रखा है। अतिरिक्त पीठों का गठन, डिजिटल तकनीक का विस्तार, वैज्ञानिक केस मैनेजमेंट और प्रशासनिक दक्षता में सुधार इस बदलाव को गति दे सकते हैं। इन उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन से न्यायिक प्रक्रिया की रफ्तार और गुणवत्ता, दोनों में उल्लेखनीय सुधार संभव है।

किसी भी न्यायिक सुधार की असली कसौटी उसका प्रभाव आम नागरिक के जीवन पर होता है। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश मुकदमेबाजों को भरोसा देता है कि सुनवाई पूरी होने के बाद उनका मामला अनिश्चित प्रतीक्षा में नहीं रहेगा। किसान, मध्यमवर्ग, उद्योग जगत और समाज के कमजोर वर्गों के लिए समयबद्ध न्याय नई उम्मीद लेकर आएगा। समय पर मिला न्याय कानून की प्रतिष्ठा और लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनविश्वास को मजबूत करता है। यदि इस निर्देश का प्रभावी पालन हुआ, तो "तारीख पर तारीख" की संस्कृति अतीत बन सकती है और "समय पर न्याय" भारतीय न्याय व्यवस्था की नई पहचान।

## चंदौली

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर मंथन: पत्रकारिता का धर्म सत्य और समाज की पीड़ा, सत्ता से सवाल पूछना उसका दायित्व: कुलपति बिहारी लाल शर्मा

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर चंदौली प्रेस क्लब द्वारा पीडीडीयू नगर स्थित एक होटल में आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने पत्रकारिता के मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारी और वर्तमान चुनौतियों पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि पत्रकारिता कोई साधारण पेशा नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है। पत्रकार का वास्तविक पक्ष सत्य और समाज की पीड़ा होती है, न कि कोई दल, विचारधारा या सत्ता। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता की ताकत उसकी लेखनी में निहित होती है, जो समाज को दिशा देने और जनचेतना जगाने का सामर्थ्य रखती है।

स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान पत्रकारों ने अपनी लेखनी के माध्यम से राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत किया और अंग्रेजी शासन के खिलाफ जनमत तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुलपति ने वर्तमान दौर में सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि सूचनाओं के तीव्र प्रसार के साथ-साथ उनकी विश्वसनीयता और प्रमाणिकता का संकट भी बढ़ा है। कई बार बिना सत्यापन के खबरों के प्रसारण से भ्रम की स्थिति पैदा हो जाती है। उन्होंने पत्रकारों से तथ्यों की सत्यता को सर्वोच्च



प्राथमिकता देने की अपील की। साथ ही कहा कि किसी व्यक्ति के अपराधी या निर्दोष होने का निर्णय न्यायपालिका का विषय है, पत्रकारों का कार्य केवल तथ्यों को सामने लाना है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, वरिष्ठ साहित्यकार एवं चिंतक प्रो. वशिष्ठ द्विवेदी 'अनूप' ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता का मूल चरित्र सत्ता के समर्थन में नहीं, बल्कि अन्याय और शोषण के खिलाफ प्रतिरोध की आवाज बनने में रहा है। उन्होंने कहा कि साहित्य और पत्रकारिता दोनों की मूल चेतना जनपक्षधरता से जुड़ी है। उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि उदन्त मार्तण्ड, कवि वचन सुधा, हिंदी प्रदीप, प्रताप, आज, नवजीवन और हरिजन जैसे पत्रों ने राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि इन पत्रों के संपादकों ने जेल यात्राएं कीं, आर्थिक कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता से समझौता नहीं किया। प्रो. अनूप ने कहा कि पत्रकारिता का उद्देश्य सत्ता का गुणगान करना नहीं, बल्कि सत्ता से सवाल पूछना और जनता की आवाज को मुखर करना है। उन्होंने चिंता जताई कि आज मीडिया का एक बड़ा वर्ग सत्ता के अधिक करीब दिखाई देता है, जबकि पत्रकारिता का मूल उद्देश्य जनता के हितों की रक्षा और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। वरिष्ठ पत्रकार विजय विनीत ने कहा कि पत्रकार को स्थायी रूप से सत्ता के विपक्ष में खड़ा रहना चाहिए, क्योंकि पत्रकारिता का मूल धर्म सत्ता से सवाल पूछना और समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज को सामने लाना है। उन्होंने कहा कि सच लिखने की कीमत हमेशा चुकानी पड़ती है, लेकिन पत्रकारिता का दायित्व इसी साहस और प्रतिबद्धता से पूरा होता है।

उन्होंने चंदौली प्रेस क्लब की सराहना करते हुए कहा कि संगठन ने कम समय में पत्रकार प्रशिक्षण, पुस्तकालय स्थापना और पत्रकार हितों से जुड़े कई रचनात्मक कार्य किए हैं। विजय विनीत ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पत्रकारिता केवल खबर लिखने तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम भी है। उन्होंने नौगढ़ और चकिया क्षेत्र में भूख, गरीबी और मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जुड़ी खबरों का उल्लेख करते हुए कहा कि कई रिपोर्टों के बाद प्रशासन को कार्रवाई के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि पीड़ित, उपेक्षित और कमजोर वर्गों की आवाज को शासन तक पहुंचाना भी है।

मीडिया संस्थानों में बढ़ती व्यावसायिकता और हस्तक्षेप के बावजूद पत्रकारों को अपनी नैतिकता, निष्पक्षता और जनपक्षधरता बनाए रखनी होगी। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती जी तैलीय चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके व माल्यार्पण करके हुआ ।कार्यक्रम का प्रारंभ स्वागत गीत के साथ हुआ उसके बाद अतिथियों का स्वागत ब्रजेश कुमार ने किया तथा विषय प्रवर्तन अमरेंद्र पांडेय ने किया ।कार्यक्रम का संचालन पवन तिवारी तथा धन्यवाद ज्ञापन राजीव जायसवाल ने किया।

इस अवसर पर आसाराम यादव, करुणापति तिवारी, सरदार महेंद्र सिंह मनोज उपाध्याय कमलेश तिवारी,संदीप निगम, कृष्ण मोहन, आनंद सिंह सत्य नारायण, संजीव पाठक, सूर्यप्रकाश सहित काफी संख्या में पत्रकार मौजूद थे।

## आयुर्वेद दवा नहीं, बल्कि प्रकृति का अनमोल उपहार है: स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने लिया लाभ

**तरूणमित्र न्यूज**

**सैदूपुर (चंदौली)।** "आयुर्वेद दवा नहीं, बल्कि प्रकृति का अनमोल उपहार है"- इसी संदेश के साथ प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय सरैसया बसाढ़ी द्वारा बरहुआ गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा नि:शुल्क आयुर्वेदिक औषधियां प्राप्त कीं। शिविर के दौरान चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को आयुर्वेद के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली, खानपान और मौसमी बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उपस्थित लोगों को बताया गया कि आयुर्वेद केवल रोगों का उपचार ही नहीं, बल्कि शरीर, मन और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करने का माध्यम भी है।

राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय सरैसया बसाढ़ी द्वारा शासन के निर्देशों के क्रम में आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न रोगों के संबंध में परामर्श दिया गया तथा आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में अस्पताल के पंकज तिवारी, भारत प्रसाद, रिंकू मौर्य, अनिल मौर्य सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शिविर के सफल आयोजन पर ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया।

## रविवार को होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** जिले में रविवार को आयोजित होने वाली बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन बनाने के लिए जिला प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। जिलेभर में सुरक्षा के कड़े व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

इस परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कुल 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, इन सभी केंद्रों को मिलाकर इस वर्ष कुल 12,640 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होने जा रहे हैं। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन पूरी तरह से दो पालियों में सुनिश्चित किया गया है। निर्धारित समय सारिणी के तहत पहली पाली की परीक्षा सुबह 9.00 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 12.00 बजे तक चलेगी। इसके बाद दूसरी पाली का आयोजन दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक किया जाएगा। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने की समय अवधि से ठीक एक घंटा पहले परीक्षा केंद्रों के भीतर प्रवेश दे दिया जाएगा।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर चकिया में मंथन: मिशन से फैशन तक पहुंची पत्रकारिता पर गूंजे सवाल, वरिष्ठ पत्रकार शीतला प्रसाद राय सम्मानित

## हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने पर चकिया में संगोष्ठी आयोजित

**तरूणमित्र न्यूज**

**चकिया, चंदौली।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर मीडिया ट्रस्ट ऑफ इंडिया द्वारा चकिया स्थित आदित्य पुस्तकालय सभागार में एक विचारोत्तेजक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्षों की गौरवशाली यात्रा, बदलते मीडिया परिदृश्य और सोशल मीडिया के दौर में पत्रकारिता की चुनौतियों पर गंभीर मंथन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पर्यावरणविद एवं वृक्षबंधु डॉ. परशुराम सिंह ने कहा कि पत्रकारिता



केवल खबरों का माध्यम नहीं बल्कि समाज की चेतना का प्रहरी है। उन्होंने कहा कि तकनीक बदल सकती है, लेकिन पत्रकारिता का मूल धर्म सत्य और समाज के प्रति जवाबदेही ही रहेगा।

संगोष्ठी में प्रस्तुत विशेष आलेख "मिशन से प्रोफेशन, पैशन से आगे अब फैशन बनी पत्रकारिता" ने उपस्थित पत्रकारों और बुद्धिजीवियों को आत्ममंथन के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने चिंता जताई कि सोशल मीडिया के युग में पत्रकारिता की विश्वसनीयता सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरी है।

इस अवसर पर अमर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार शीतला प्रसाद राय को उनके दीर्घकालीन योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में खबरी न्यूज़ के चीफ एडिटर के.सी. श्रीवास्तव ने उन्हें स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के सचिव के.सी. श्रीवास्तव एडवोकेट ने किया। वहीं मीडिया ट्रस्ट ऑफ इंडिया की चकिया तहसील इकाई में मुख्तार शेख को तहसील उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मनोज मिश्रा, विनय कुमार राय, राहुल त्रिपाठी, अजय कुमार, मिथिलेश गुप्ता, अनिल द्विवेदी, ज्ञान प्रकाश सिंह, राजकुमार जायसवाल, धर्मवीर सिंह, सुधांशु जायसवाल, अभिषेक उपाध्याय सहित अनेक पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा के प्रथम जनपद आगमन पर भव्य स्वागत

**तरूणमित्र न्यूज**

**मुगलसराय, चंदौली।** उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री बनने के बाद जनपद चंदौली के प्रथम आगमन पर हंसराज विश्वकर्मा का मुगलसराय विधानसभा क्षेत्र में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग-02 स्थित गोधना के समीप बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर राज्यमंत्री का अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

कार्यकर्ताओं ने "भारत माता की जय" और "भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद" के नारों के साथ राज्यमंत्री का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्व एवं



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही सरकार की प्राथमिकता है।

भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी ने कहा कि हंसराज विश्वकर्मा जी का राज्यमंत्री बनने के बाद जनपद में प्रथम आगमन कार्यकर्ताओं के लिए गौरव और उत्साह का विषय है। उनके नेतृत्व एवं अनुभव से प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी तथा समाज के सभी वर्गों को लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्रम में भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी, राजकिशोर सिंह, शिवशंकर पटेल, गुरदीप सिंह, शंभूनाथ गोंड,महेंद्र बिंद, अनिल चौहान,श्रीकांत विश्वकर्मा,, संतोष विश्वकर्मा, दिनेश मिश्रा, दिनेश गोंड, सोमारु बिंद, मंडल अध्यक्ष गंगाराम साहनी सहित भाजपा के पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा और कार्यकर्ताओं ने राज्यमंत्री को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।

# सरयू स्नान कर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत, मां गंभीर घायल

## दो साल पहले हुई थी शादी, सात वर्ष पहले पिता का भी हो चुका है निधन



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में सरयू स्नान कर घर लौट रहे इनायतनगर थाना क्षेत्र के एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं। यह हादसा पूराकलन्दर थाना क्षेत्र के अयोध्या रायबरेली हाइवे पर प्रभात नगर मोड़ के पास हुआ। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। जानकारी के अनुसार, इनायतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम उरुवा वैश्य मजरे जमोलिया निवासी उमेश तिवारी (25) शनिवार देर रात अपनी मां मनभावती (65) के साथ सरयू स्नान के लिए अयोध्या गए थे। रविवार सुबह स्नान कर दोनों घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रभात नगर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे से आ रहे गांव के अन्य लोगों ने उन्हें घायल अवस्था में देखा और तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उमेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि उनकी मां मनभावती का इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव गांव पहुंचा, परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजनों के अनुसार उमेश के पिता गोपीनाथ तिवारी का करीब सात वर्ष पहले निधन हो चुका था। दो वर्ष पूर्व ही उमेश की शादी हुई थी। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। परिवार में मां मनभावती, पत्नी कंचन, बड़े भाई मुकेश कुमार और रमेश कुमार समेत अन्य सदस्य हैं। युवक की असमय मौत से पूरे गांव में गम का माहौल है।

## शहीद हेमू कालाणी की नवनिर्मित सात फुट की प्रतिमा पहुंची अयोध्या

**अयोध्या।** सिंधी समाज की संस्था सिंधु सेवा समिति द्वारा सदर तहसील स्थित अमर शहीद हेमू कालाणी पार्क में सात फुट की प्रतिमा रविवार को जयपुर से अयोध्या पहुंची। संस्था अध्यक्ष अमृत राजपाल ने बताया कि अमर शहीद हेमू कालाणी की नव निर्मित विशाल सात फुट प्रतिमा को पुनर्स्थापित करके शीघ्र होगा भव्य अनावरण राजपाल ने बताया अमर शहीद हेमू कालाणी की नवीन प्रतिमा हेतु अमृत बॉटलर्स के निदेशक राकेश लधानी परिवार द्वारा सहयोग दिया गया। राजपाल ने बताया कि संसद भवन में लगी अमर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा की तर्ज पर बनी नवीन अमर शहीद हेमू कालाणी प्रतिमा। संस्था उपाध्यक्ष जय प्रकाश क्षेत्रपाल ने बताया कि मूर्ति लेने हेतु जयपुर संस्था के पदाधिकारी तीन बार गए थे और भव्य प्रतिमा का वहां बनाने हेतु आर्डर दिया गया था जो कि अब अयोध्या में आ चुकी है जिसे क्रेन द्वारा सुरक्षित उतारा गया। अमर शहीद हेमू कालाणी पार्क में सिंधु सेवा समिति के अध्यक्ष अमृत राजपाल, महामंत्री नरेंद्र क्षेत्रपाल, संरक्षक मोहन मध्यान, उपाध्यक्ष जयप्रकाश क्षेत्रपाल, मंत्री गोविंद चावला, मंत्री पुरुषोत्तम दास, प्रकाश नंदवानी, विकास अंदानी, गिरीश त्रिपाठी, संजय श्रीवास्तव, सरोज यादव आदि मौजूद रहे।

# झाड़ू कैमरे के लिए, गंदगी जनता के लिए!

## स्वच्छता के दावों की खुली पोल, गलियों में कूड़े के ढेर, नालियों का गंदा पानी सड़कों पर



**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में इन दिनों स्वच्छता का ऐसा अद्भुत दृश्य देखने को मिल रहा है कि यदि कोई बाहरी व्यक्ति केवल तस्वीरें देख ले तो उसे लगे कि शहर ने सीधे सिंगापुर की स्वच्छता व्यवस्था को चुनौती दे दी है। हर रविवार हर परिवार करे गंदगी पर प्रहार अभियान के तहत नेता और अधिकारी चमचमाती सड़कों पर झाड़ू चलाते और धूल हटाते दिखाई दिए। यहां फर्क बस इतना है कि झाड़ू से ज्यादा मेहनत कैमरे और फोटोग्राफर करते नजर आते हैं। रामपथ और मुख्य मार्गों पर सफाई का ऐसा श्रृंगार किया गया है कि मानो गंदगी को वहां प्रवेश करने के लिए विशेष अनुमति लेनी पड़े। लेकिन जैसे ही कोई नागरिक गलियों और मोहल्लों की ओर कदम बढ़ाता है, स्वच्छता अभियान की वास्तविकता उसका स्वागत करती मिल जाती है। कहीं कूड़े के ढेर अपनी स्थायी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं, तो कहीं नालियों का पानी सड़कों पर बहकर विकास की नई धारा का एहसास करा रहा है। गुलाबबाड़ी, हैदरगंज, ऋषि टोला और फतेहगंज की गलियों में जैसे क्षेत्रों में गंदगी मानो नगर निगम की ओर से स्थायी स्मारक के रूप में संरक्षित कर दी गई हो। स्थानीय लोग बताते हैं कि कूड़ा उठाने वाले वाहन शायद जीपीएस में इन इलाकों का रास्ता खोज रहे हैं। पुलिस लाइन के सामने कूडा डंपिंग यार्ड में बाहर तक कचरा फैल कर संक्रामक रोगों को बुला रहा है। सबसे रोचक प्रश्न यह है कि टैक्स तो पूरे शहर से लिया जाता है, लेकिन सफाई का लाभ चुनिंदा मार्गों तक ही क्यों पहुंचता है? ऐसा प्रतीत होता है कि स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य गंदगी हटाना नहीं, बल्कि गंदगी के सामने मुस्कुराते हुए फोटो खिंचवाना रह गया है। अब जनता इंतजार कर रही है कि अभियान कैमरे के फ्रेम से निकलकर कभी मोहल्लों की गलियों तक भी पहुंचेगा या नहीं। समाजवादी पार्टी के महानगर सचिव हामिद मिशन जाफर ने नगर निगम पर निशाना साधते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान केवल कागजों और फोटो तक सीमित दिखाई दे रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जमीनी हकीकत नगर निगम के दावों से बिल्कुल अलग है और आम जनता गंदगी के बीच रहने को मजबूर है। नगर निगम के स्वच्छता अभियान और जमीनी हालात के बीच दिख रहे इस अंतर ने शहर में नई बहस छेड़ दी है। अब सवाल यह है कि क्या अभियान केवल दिखावा है या फिर गंदगी से जूझ रहे मोहल्लों तक भी इसकी पहुंच बनेगी।

# हाथों में झाड़ू लेकर स्वच्छता का संकल्प, चलाया गया महा स्वच्छता अभियान

## सरयू तट पर महापौर ने नगर आयुक्त संग की सफाई, विधायक समेत सैकड़ों जनप्रतिनिधियों व संभ्रांतजन ने लिया हिस्सा






**अयोध्या।** स्वच्छ और सुंदर अयोध्या के संकल्प को साकार करने के लिए रविवार को नगर निगम ने एक रविवार, हर परिवार करे गंदगी पर वार अभियान चलाया तो शहर में अभूतपूर्व जनसहभागिता देखने को मिली। हाथों में झाड़ू और स्वच्छता का संदेश लिए हजारों नागरिक, पार्षद एवं अन्य जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, व्यापारी संगठन, विद्यार्थी और स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य सड़कों पर उतर आए। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार संग लता चौक से सरयू तट तक झाड़ू लगाकर अभियान की शुरुआत की।

रविवार को प्रात:काल 7.00 बजे से शहर के विभिन्न वार्डों, प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों, पार्कों एवं बाजारों में सफाई अभियान चलाया गया। लोगों ने अपने घरों, मोहल्लों और आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। अभियान के दौरान अयोध्या वासियों ने ने कूड़ा निर्धारित स्थानों पर डालने, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने तथा शहर को स्वच्छ बनाए रखने की शपथ भी ली।

अभियान में प्रमुख रूप से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्त, चंद्रभानु पासवान, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, अवध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बृजेंद्र सिंह, साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य दानपति तिवारी आदि ने अभियान में भागीदारी की। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पाण्डेय ने बताया कि जनसहभागिता और उत्साह से परिपूर्ण इस महाअभियान ने अयोध्या में स्वच्छता के प्रति नई चेतना का संचार किया। अभियान में राम का घर के प्रबंधक आलोक सिंह राना, उम्मीद संस्था की रीना सिंह उम्मीद संस्था की रुचिरा सिंह, शैल कुमारी, जोगिंदर कौर, आशीष कौर आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई। कौशलपुरी कॉलोनी में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, पार्षद धर्मवीर, ब्रजनाथ सिंह, डॉ. बीएन राय, एसके तिवारी, श्यामेश कुमार सिंह, सूर्यभान सिंह, पूनम सिंह, संध्या सिंह, राधिका सिंह, उषा राय, किरण तिवारी, नमीता वर्मा, कुमारी पूनम, सरोज सिंह, सहायक नगर आयुक्त सौरभ नाथ, अरुण प्रताप सिंह, रमेश कनौजिया, प्रदीप कुमार वर्मा सहित अन्य लोगों की मौजूदगी रही। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कबीर नगर व अश्विनीपुरम वार्ड में सफाई अभियान चलाया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने अध्यक्ष डॉ. आशीष श्रीवास्तव की अगवाई में जिला अस्पताल परिसर में सफाई कर अभियान को सफल बनाया। सफाई अभियान में शामिल विधायक वेदप्रकाश गुप्त ने कहा कि लोगों में सफाई के प्रति जागरूकता लाने में चिकित्सकों की भूमिका काफी अहम है। सफाई अभियान में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र भिटौरिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. राजेश सिंह, डॉ. नानक शरन, डॉ. रामकिशोर, डॉ. राजेंद्र बनौधा के अलावा नर्सिंग संवर्ग की पूनम गुप्त, संध्या रजक, नंदिता शुक्ल, फार्मासिस्ट यूनियन के हनुमंत दुबे, संजय गुप्त आदि शामिल थे। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के सदस्य कार्यक्रम में शामिल हुए। कायस्थ विकास संस्थान के अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव व उपाध्यक्ष जयप्रकाश श्रीवास्तव ने सोलापुरी मोहल्ले की सड़कों पर सफाई अभियान चलाया। इसके अलावा शहर के प्रमुख कोचिंग संस्थान, व्यापारिक संस्थान, वशिष्ठ फाउंडेशन समेत कई सांस्कृतिक संगठन, निषाद समाज सहित विभिन्न जातीय संगठन, तीर्थ पुरोहित संगठन, सत्य साईं समाज, ब्रह्माकुमारी संस्थान आदि ने अभियान में पूरी तन्मयता से भागीदारी की।

### पांच सौ स्थानों पर चला सामूहिक स्वच्छता अभियान : महापौर

महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि जब पूरा समाज मिलकर स्वच्छता के लिए आगे आता है, तब शहर की तस्वीर बदल जाती हैं। वह सर्किट हाउस में पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने बताया कि निगम क्षेत्र के लगभग पांच सौ स्थानों पर एक साथ सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें 25 हजार नगर वासियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि इस अभियान में भागीदारी के लिए 60 वार्डों के 54 हजार लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने नागरिकों से स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि नगर के सभी 60 वार्डों में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। इस मौके पर अपर नगर भारत भार्गव मौजूद थे। महापौर ने राम के घर के प्रबंधक आलोक सिंह राना एवं इंद्रजीत शुक्ल समेत कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाने वाले सहयोगियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

## लेखपाल संघ टाण्डा इकाई का चुनाव सम्पन्न



**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के चुनाव अधिकारी वृजेश वर्मा के निर्देश पर लेखपाल संघ शाखा अमबेडकर नगर के जिला अध्यक्ष जितेंद्र यादव व महामंत्री अखिलेश चौधरी के देखरेख में लेखपाल संघ टाण्डा इकाई का चुनाव 31 मई को तहसील के सभागार में सम्पन्न कराया गया। ऐसे में तहसील के लेखपाल उपस्थित रहे । उन्होंने अपने अपने मतों को प्रकट करते हुए पदाधिकारियों का चयन किया । ऐसे में अध्यक्ष प्रमेन्द्र कुमार पटेल, मंत्री अवधेश कुमार, को निर्वाचित घोषित किया गया। उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश , कनिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती सोनी चौधरी, उप मंत्री प्रभात चन्द्र राजन , कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार ,आडिटर प्रिंस को निर्वाचित किया गया। ऐसे में सभी निर्वाचित व निर्विरोध चुने गए लेखपालों को माला पहनाकर उनका सम्मान किया गया। उन्होंने संगठन के निर्देशों को नियमानुसार निर्वहन करने का बच्चन दिया।

## कड़ी निगरानी में यूपी संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा सकुशल सम्पन्न

**अयोध्या।** अवध विश्वविद्यालय व जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी में बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा रविवार को 39 केन्द्रों पर सकुशल सम्पन्न हुई। दो पालियों की बीएड प्रवेश परीक्षा में कुल 17891 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1940 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसमें परीक्षार्थियों की 89.16 प्रतिशत उपस्थिति रही। यूपी बीएड प्रवेश परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने प्रथम पाली में परिसर के विभिन्न केन्द्रों को औचक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम आईईटी, नवीन परिसर के चार केन्द्रों का निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं मुख्य परिसर के रमन भवन और दीक्षा-प्रचेता भवन का भी निरीक्षण किया। दूसरी ओर कुलसचिव व अवध विवि के बीएड नोडल अधिकारी विनय कुमार सिंह ने नोडल समन्वयक प्रो. फर्रूख जमाल, जनपद समन्वयक प्रो. गंगा राम मिश्र, केन्द्र प्रतिनिधि डॉ. कमलेश ने जनपद के कॉलेजों का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# घर से नकदी और लाखों के जेवर लेकर बहू लापता

## ससुर ने कुमारगंज थाने में दी तहरीर, कार्रवाई की मांग

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र के सिधौना गांव में एक महिला के घर से नकदी और लाखों रुपये के जेवर लेकर लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने महिला की तलाश के लिए काफी प्रयास किए, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद महिला के ससुर ने कुमारगंज थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। सिधौना गांव निवासी पवन कुमार मौर्य ने रविवार को कुमारगंज पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी बहू चांदनी, पत्नी सूरज, बीते बुधवार की रात करीब 11रू30 बजे बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई थी। रात में जब उनके बेटे सूरज की नींद खुली तो उसने देखा कि उसकी पत्नी घर पर नहीं है। परिवार के लोगों को लगा कि वह शौच के लिए बाहर गई होगी, इसलिए आसपास खोजबीन की गई। काफी देर तक तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चला और सुबह होने पर वह वापस घर लौट आई। परिजनों के अनुसार जब चांदनी से रात में घर से बाहर जाने के बारे में पूछा गया तो उसने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। इसके बाद 30 मई को परिवार के सदस्य खेत में काम करने चले गए। दोपहर करीब 1रू30 बजे जब सभी लोग वापस घर पहुंचे तो घर का मुख्य दरवाजा खुला मिला और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि चांदनी घर से गायब है। परिवार ने आसपास के लोगों तथा रिश्तेदारों से भी उसके संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। पवन मौर्य का आरोप है कि घर में रखे करीब तीन से चार लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात तथा उनके पुत्र सूरज के पास रखे 20 हजार रुपये नकद भी गायब हैं। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने रविवार को थाना कुमारगंज पहुंचकर लिखित शिकायत दी और महिला के साथ-साथ गायब नकदी एवं जेवरात की बरामदगी की मांग की। इस संबंध में थाना अध्यक्ष कुमारगंज सुरेश कुमार पटेल ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# दिव्यांग बच्चों की कलाकृतियों ने मोहा मन लोक चित्रकला कार्यशाला का समापन



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ तथा अखिल भारतीय दिव्यांग जन कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत मंद-बुद्धि एवं मूक-बधिर विद्यालय, तुलसीनगर में आयोजित 10 दिवसीय लोक चित्रकला कार्यशाला का रविवार को भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों द्वारा तैयार लोक चित्रकला एवं हस्तनिर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसे अतिथियों और अभिभावकों ने सराहा।

समारोह के मुख्य अतिथि महंत पंजाबी मंदिर के महंत पवन दास महाराज तथा अध्यक्षता परमहंस आश्रम के महंत राम उजागर दास महाराज ने की। दोनों संतों ने प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।महंत पवन दास महाराज ने कहा कि कला प्रतिभा को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। दिव्यांग बच्चों को अवसर और प्रोत्साहन मिले तो वे समाज में अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। उन्होंने बच्चों की कलाकृतियों की प्रशंसा करते हुए भारतीय लोक कला को सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। प्रशिक्षिका दीपा सिंह एवं वाणी शुक्ला ने बताया कि कार्यशाला में बच्चों को लोक चित्रकला, रंग संयोजन, रेखांकन, हस्तकला और भारतीय लोक संस्कृति से जुड़ी विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करना है।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी, प्रधानाचार्य अंकित मिश्रा, शरद तिवारी, दिनेश राय, विकास पांडे, सरिता शर्मा, रानी श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों को सम्मानित कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।.

## यूरिया की समस्या को लेकर आज होगी किसान महापंचायत

**अयोध्या।** यूरिया खाद की कालाबाजारी,टैगिंग तथा कमी व थोक रेट को घोषित करने की मांग को लेकर 1 जून 2026 को जिला कृषि अधिकारी अयोध्या के कार्यालय पर किसान महापंचायत की जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन की राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने बताया कि यूरिया खाद में तरह-तरह की समस्याएं पैदा की जा रही हैं, यूरिया खाद किसानों को नहीं मिल रही है, यूरिया खाद की कालाबाजारी की जा रही है, यूरिया खाद के साथ जबरदस्ती टैगिग किया जा रहा है और यूरिया खाद का फुटकर दाम तो घोषित है परंतु थोक दाम घोषित न होने के कारण थोक विक्रेताओं द्वारा फुटकर विक्रेताओं का बड़े पैमाने पर शोषण किया जा रहा है जिसका परिणाम होता है की फुटकर विक्रेता भी किसान का शोषण करता है यदि थोक दर घोषित हो जाए तो बहुत समस्याओं का समाधान हो जाएगा। घनश्याम वर्मा ने कहा कि 249. 50 पैसे प्रति बोरी के दर से साधन सहकारी समितियां तक यूरिया खाद पहुंचाई जाती है वहीं थोक विक्रेताओं द्वारा निजी दुकानदारों को 260 से 280 रुपए प्रतिबोरी गोदाम पर दिया जाता है जो किसी भी दशा में उचित नहीं है। घनश्याम वर्मा ने बताया कि समस्याओं का ज्ञापन जिला अधिकारी अयोध्या तथा जिला कृषि अधिकारी अयोध्या को 10 दिन पहले दिया जा चुका है जिसका समाधान अभी तक नहीं किया गया है।

**लाल विजयानन्द महाविद्यालय टिकरी, धम्मौर अमेठी**

सम्बद्ध -डॉ.राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या

( आवश्यकता है )

**प्रवक्ता** - स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत बी.ए. पाठ्यक्रम में प्राचीन इतिहास, सैन्य विज्ञान विषयों में प्रवक्ता 1-1 पद एवं परास्नातक स्तर पर कला संकाय एम.ए. पाठ्यक्रम में शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी, राजनीतिशास्त्र विषयों में प्रवक्ता 2-2 पद हेतु -

**योग्यता** - सम्बन्धित विषयों नेट/पी.एच-डी.

**वेतनमान** - यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार

इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व हस्ताक्षरित प्रतियों एव दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें ।

**कपिल देव तिवारी, प्रबन्धक**

# रक्तदान के जरिए हम किसी परिवार को दे सकते है नई उम्मीद : सुरेश




**अयोध्या।** हॉकी के जादूगर एवं अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित अशोक ध्यानचंद के जन्मदिन के अवसर पर रविवार को जिला चिकित्सालय अयोध्या स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर रक्तदान किया और जरूरतमंदों की सहायता का संकल्प लिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी संस्था अयोध्या के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव मौजूद रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। हम सभी को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचा सकता है। रक्तदान से किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता, बल्कि इससे कई स्वास्थ्य लाभ भी होते हैं। रक्तदान के जरिए हम किसी परिवार को नई उम्मीद और जरूरतमंद मरीज को नया जीवन दे सकते हैं वहीं कार्यक्रम के आयोजक आकाश गुप्ता ने समाजसेवी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव की सराहना करते हुए कहा कि वह लगातार समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतर और प्रेरणादायक कार्य कर रहे हैं। उनके सामाजिक योगदान को देखते हुए जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं कई मंत्रियों द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया जा चुका है आकाश गुप्ता ने बताया कि सुरेश यादव को समाजसेवा के क्षेत्र में उनके विशेष योगदान के लिए साइकिल मैन की उपाधि भी मिल चुकी है।

वह आर्थिक रूप से कमजोर और पढ़ाई में असमर्थ बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी उठाने के साथ जरूरतमंदों को साइकिल उपलब्ध कराकर उनकी मदद करते हैं। हाल ही में उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों को लेकर जिले के कई प्रमुख अधिकारियों ने भी उन्हें सम्मानित किया रक्तदान शिविर में मौजूद लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि जनसेवा और मानवता के ऐसे आयोजन आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। इस अवसर पर विजय वर्मा, नीलम श्रीवास्तव ,सुनीता पाठक ,खुशबू शाही ,प्रदीप गुप्ता ,मोहम्मद फरजान संजय यादव, शशांक वर्मा समाजसेवी संस्था के सदस्य चौधरी दुर्गा माझी सहित सैकड़ो की संख्या में लोगों पर स्थित रहे।

### गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी की संभावना

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्व विद्यालय कुमारगंज के मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के बादल छाए रहने, कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी होने एवं हवा सामान्य व सामान्य से तेज गति से पूर्वी चलने की संभावना है।श्री मिश्र के अनुसार रविवार का अधिकतम तापमान 34.0 डिग्री जो सामान्य से 5.5 डिग्री कम रहा जबकि न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री यह भी सामान्य से 1.5 डिग्री कम रहा। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 77 व न्यूनतम 44 प्रतिशत रही। 4.7 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से दक्षिणी-पूर्वी दिशा से से हवाएं चली।

### जमीनी विवाद को लेकर मारपीट

**रानी बाजार, अयोध्या।** थाना पूरा कलंदर के क्षेत्र ग्राम सभा अमौना के मजरे सूबेदार का पुरवा में जमीनी विवाद को लेकर रविवार को मारपीट हो गई ग्राम निवासी राजदेव पुत्र शालिकराम ने बताया कि ग्रामवासी विश्राम पुत्र सरजू प्रसाद जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की जिससे सोहेलदेव पुत्र शालिकराम को गंभीर रूप से घायल हो गए चिकित्सकीय जांच के उपरांत इलाज के लिए चिकित्सालय भेजा गया है उप निरीक्षक राजेश पटेल ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सपा कार्यालय पर मनाई गई अहिल्याबाई होलकर की जयंती



**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन, गुलाबबाड़ी में रविवार को महान शासक और लोकमाता राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की। गोष्ठी के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने राजमाता अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया।उक्त अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, पूर्व महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव,लवलेश पांडेय, हामिद जफर मिशन,शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष दान बहादुर सिंह, जिला उपाध्यक्ष जेपी यादव, घनश्याम यादव, महानगर महिला सभा अध्यक्ष अपर्णा जायसवाल, पूजा वर्मा, बृजेश सिंह, महानगर उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, जिला सचिव अंसार अहमद,सीताराम यादव, जितेंद्र यादव, जगराम यादव, डॉ. अवनीश प्रताप सिंह, कमलेश कुमार, राम नेवल पाल समेत बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।